# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 111 | गौतमबुद्धनगर, गुरुवार 21 मार्च 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3

सोशल मीडिया अकाउंट खोलेगा एल्विश का सच





P- 4

घर में लगी आग...मौसेरे भाइयों की झुलसकर मौत, दादी बोलीं–5 करोड़ की





P- 5

हमास के खात्मे के लिए राफा में ग्राउंड ऑपरेशन जरुरी : नेतन्याहू





P- 6

तेंदुलकर, गावस्कर, और रिचर्ड्स से भी बेहतर बल्लेबाज हैं विराट : सिद्धू




## हैप्पी मॉर्निंग


पड़ोसी- यार तेरे घर से रोज हंसी की आवाज आती है। इस खुशहाल जिंदगी का राज क्या है? पप्पू - वो क्या है ना कि मेरी बीवी रोज मुझे जूतों से मारती है, लग जाए तो वो हंसती है और ना लगे तो मैं हंसता हूं! बस ऐसे ही हंसी-खुशी जिंदगी गुजर रही है...!!!



## शायरी

कैसे रोका जायेगा इन बढ़ते बलात्कारों को,
यह सोचना होगा सत्ता में बैठी सरकारों को.

## अर्थसार



सेंसेक्स:
72,101.69
+89.64 (0.12%)
निफ्टी:
21,839.10
+21.65

## मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 18 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 6 : 24
सूर्यास्त गुरुवार : 6 : 34

# पंजाब में जहरीली शराब से 4 लोगों की मौत

## 6 व्यक्ति रात में एक साथ पीकर सोए; सुबह जागे नहीं, 2 की हालत नाजुक

संगरूर। पंजाब के संगरूर में जहरीली शराब पीने से 4 लोगों की मौत हो गई है। मंगलवार रात को गुजरां गांव में 6 लोग एक साथ शराब पीकर सोए थे। लेकिन, बुधवार सुबह 4 उनमें से उठे नहीं। वहीं, दो लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। उनका उपचार संगरूर के सिविल अस्पताल में चल रहा है। मामले की सूचना ग्रामीणों ने दिड़बा पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया और 2 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। मृतकों की पहचान भोला सिंह (50), निर्मल सिंह



(42), परहत सिंह उर्फ गुरजंट (42) और जगजीत सिंह (30) के रूप में हुई है। इनमें से जगजीत सिंह उर्फ जग्गी और परहत सिंह दोनों सगे भाई हैं। ये सभी स्थानीय थे और गांव में ही मजदूरी करते थे।

### 150 रुपए में खरीदी सस्ती शराब

पुलिस के अनुसार, मंगलवार रात को सभी 6 लोगों ने गांव के ही किसी आदमी से 150 रुपए में शराब खरीदी। सस्ती के चक्कर में इन्होंने शराब खरीद ली और सभी ने एक साथ बैठकर उसे पी लिया। इसके बाद जब नशा हुआ तो सभी अपने-अपने स्थान पर सोने चले गए। जब सुबह वे नहीं जागे तो परिवार के लोगों ने उन्हें उठाने की कोशिश की। फिर उन्हें बेसुध देखकर डॉक्टर के पास ले गए। वहां डॉक्टर ने 4 को मृत घोषित कर दिया। वहीं, 2 की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें भर्ती कर लिया।

### डीसी ने गठित की कमेटी, जांच होगी

गांव गुजरां में हुई 4 मौतों की जांच के लिए डिप्टी कमिश्नर संगरूर ने एक कमेटी गठित की है। एसडीएम दिड़बा राजेश शर्मा को इस कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। वहीं, डीएसपी पृथ्वी सिंह चहल, पुलिस स्टेशन मुख्य अधिकारी दिड़बा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी और ईटीओ उत्पाद विभाग इस कमेटी के सदस्य हैं। डीसी ने कमेटी से जांच कर 72 घंटे में रिपोर्ट मांगी है।

# अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापन, पोस्टर तुरंत हटवाने का चुनाव आयोग का निर्देश

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने केंद्र और राज्य सरकारों तथा केंद्र शासित क्षेत्रों को लोकसभा और चार राज्यों में विधान सभा चुनावों के संदर्भ में लागू आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश देते हुए सार्वजनिक स्थानों से अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापनों तथा पोस्टरों आदि को हटवाने के निर्देश दिए हैं।
आयोग ने कहा है कि उसे राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न जगहों से शिकायतें मिल रही हैं कि कई स्थानों पर अभी भी




अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापन प्रदर्शित किये जा रहे हैं। आयोग ने बुधवार केंद्रीय कैबिनेट सचिव, राज्यों के मुख्य सचिवों, केंद्र शासित क्षेत्रों के प्रशासकों तथा राज्यों एवं केंद्र शासित क्षेत्रों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को भेजे गए विशेष संदेश में कहा है कि उसने आदर्श आचार संहिता के गैर-अनुपालन या आंशिक-अनुपालन को गंभीरता से लिया है।
उसने सभी राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों को ऐसे विज्ञापनों को तुरंत हटवाने और के निर्देश दिए हैं। आयोग ने कहा है कि उपरोक्त निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए और गुरुवार 21 मार्च शाम 5ः00 बजे तक आयोग को अनुपालन रिपोर्ट भेजी जाए।

## ईडी से सुप्रीम कोर्ट का सवाल

# बार-बार सप्लीमेंट्री चार्जशीट क्यों ?

▸ ये गलत प्रैक्टिस; इससे ट्रायल शुरू नहीं होता, आरोपी को जमानत नहीं मिल पाती

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा बार-बार सप्लीमेंट्री चार्जशीट करने को गलत बताया। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी इसलिए ऐसा कर रही है, ताकि मामले में ट्रायल शुरू न हो पाए और आरोपी को जमानत न मिल सके। कोर्ट ने ईडी से कहा कि इस तरह की प्रैक्टिस गलत है। ऐसा करके किसी आरोपी को अनिश्चितकाल के लिए जेल में नहीं रख सकते। कोर्ट ने साथ ही कहा कि इस मामले में शख्स 18 महीने से जेल में है। इससे हमें परेशानी हो रही है। किसी मामले में हम इस मुद्दे को उठाएंगे। जब आप किसी आरोपी को गिरफ्तार करते हैं तो मुकदमा शुरू करना जरूरी होता है। अदालत ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की कैद का जिक्र किया, जिन्हें फरवरी 2023 में शराब नीति मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने यह टिप्पणी झारखंड के अवैध खनन मामले से जुड़े आरोपी प्रेम प्रकाश द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए की। प्रकाश पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सहयोगी होने का आरोप है।



# बदायूं डबल मर्डर : दुसरे कातिल पर 25 हजार का इनाम घोषित, 24 टीमें तलाशने में जुटीं

एजेंसी

बदायूं डबल मर्डर केस में पुलिस ने मुख्य आरोपी साजिद को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। जबकि उसका भाई जाबिद अब भी पुलिस की पकड़ से फरार है। ऐसे में अब एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने जाबिद पर 25 हजार का इनाम घोषित किया है। उसकी तलाश के लिए एसएसपी ने पुलिस की 24 विशेष टीमें लगाई है। टीमें लगातार फरार जाबिद की तलाश में दबिशें दे रही है।

बाबा कॉलोनी से दो मासूम भाइयों की हत्या कर भागे साजिद को पुलिस ने घेरा तो उसने फायर झोंक दिया था।



जवाब में पुलिस ने तीन गोलियां साजिद के सीने में उतार दीं। गोलियां पीठ से पार हो गई।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साजिद के सीने में तीन गोलियां लगने की पुष्टि हुई है। उधर, रिपोर्ट के अनुसार आयुष और आहान के गले आगे से पूरी तरह रेत दिए थे। वहीं, आयुष के कंधे, सिर, चेहरे समेत शरीर के छह अंगों पर छुरी से वार किए। जिससे गहरे घाव हो गए। दोनों बच्चों की मौत का कारण बना।

### जीने के गेट के पास मिला दोनों बच्चों का शव

बाबा कालोनी के विनोद के घर तीसरी मंजिल छत पर साजिद ने दो बच्चों की निर्मम हत्या की है। पुलिस को दोनों बच्चों के शव को छत पर जीने के गेट के पास मिले हैं। मगर छत पर इसके अलावा कुछ दूरी करीब पांच से सात फीट पर दूसरी जगह खून पड़ा हुआ है और वहीं दोनों बच्चों के चप्पल पड़ी हुई हैं। बच्चों की जहां चप्पल पड़ी हैं वहां शव नहीं था शव दूसरी जगह जीना के गेट के पास मिले हैं। जीना गेट के पास भी काफी खून पड़ा था। इससे साफ होता है कि अंदर छत के पास बच्चों की नृशंस हत्या की गई और हत्या के चलते भागकर बच्चे गेट पर जीना का दरवाजा लगा लिया होगा और जीना गेट के पास गला रेतकर मार दिया गया। जीना के पास ज्यादा ब्लड पड़ा है और जहां चप्पल पड़ी हैं वहां ब्लड कुछ कम है।

## बिल्डिंग हादसा

17 लोग घायल, 2 लोग अब भी लापता; कांग्रेस बोली- मेयर की गिरफ्तारी हो

# कोलकाता बिल्डिंग हादसे में अब तक 10 लोगो की हुई मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 17 मार्च की देर रात एक 5 मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई थी। यहां पिछले तीन दिनों से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मंगलवार (19 मार्च) रात 8 बजे यहां एक व्यक्ति का रेस्क्यू किया गया था।

पुलिस के मुताबिक, उसे एसएसकेएम हॉस्पिटल ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस तरह मौत का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। मृतक मुर्शिदाबाद का रहने वाला राजमिस्त्री था। वह निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करता था।

घटना के बाद दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। 17 लोग घायल हैं। NDRF, SDRF, फायर ब्रिगेड, कोलकाता पुलिस की डिजास्टर मैनेजमेंट टीमें रेस्क्यू में लगी है।

पुलिस ने बताया कि घटनास्थल का इलाका भीड़भाड़ वाला है। यहां संकरी गलियां हैं, जिसके कारण कंक्रीट स्लैब काटने के लिए बड़ी मशीनें नहीं आ पा रही हैं। छोटी मशीनों की मदद से मलबा हटाया जा रहा है।

### बिल्डर के बाद जमीन का मालिक भी गिरफ्तार

जिस जमीन पर 5 मंजिला बिल्डिंग खड़ी की जा रही थी, उसके मालिक को मंगलवार रात गिरफ्तार



किया गया है। इससे पहले पुलिस ने सोमवार को बिल्डर को गिरफ्तार किया था।

उसे 14 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया है। आरोप है बिल्डिंग का निर्माण अवैध तरीके से कराया जा रहा था।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने इस हादसे के लिए कोलकाता मेयर को जिम्मेदार बताया। साथ ही कहा कि मेयर फिरहाद हकीम को नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

चौधरी ने कहा कि सीएम ममता ने मेयर को बर्खास्त नहीं किया। मेयर को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। कोलकाता मेयर पर राज्य के शहरी विकास मंत्री भी हैं।

चौधरी ने कहा है कि तालाब को भरकर उसपर इमारत इमारत बनाई जा रही थी। हकीम ने अपराध किया है। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जाएगी? अगर उनमें जरा भी नैतिकता है तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ऐसे बिल्डर टीएमसी के लिए आय का स्त्रोत बन गए हैं। टीएमसी कोलकाता के नागरिकों के भविष्य के साथ खेल रही है।

### स्थानीय लोगों ने अवैध निर्माण का आरोप लगाया

पुलिस के मुताबिक, जो बिल्डिंग गिरी, वहां पिछले छह महीने से निर्माण का काम चल रहा था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोलकाता नगर निगम और पुलिस की अनुमति के बिना कंस्ट्रक्शन हो रहा था।

# आईएसआईएस का इंडिया चीफ फारूकी गिरफ्तार

एजेंसी

गुवाहाटी। आईएसआईएस के इंडिया चीफ हरीश अजमल फारूकी और उसके साथी को असम एसटीएफ ने बुधवार को धुबरी सेक्टर के धर्मशाला इलाके से गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों आरोपियों को एनआईए ने भी वांटेड लिस्ट में डाला था। फारूकी देहरादून के चकराता का रहने वाला है।
वह भारत में आईएसआईएस का प्रमुख है। इसके साथ ही एसटीएफ ने हारिस के सहयोगी अनुराग सिंह उर्फ रेहान को भी गिरफ्तार किया। असम पुलिस के पीआरओ प्रणबज्योति



गोस्वामी ने बताया कि इनकी बांग्लादेश की सीमा से भारत में आने की जानकारी मिली थी। धर्मशाला इलाके में इंटरनेशनल बॉर्डर पर पुलिस की तैनाती की गई थी। सुबह सवा चार बजे आरोपियों का पता चला था। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# बक्सर में किसान-पुलिस में झड़प, फायरिंग

## चौसा थर्मल पावर प्लांट गेट पर प्रदर्शन, पुलिस ने घर में घुसकर लाठियों से पीटा; कई किसान-पुलिसकर्मी घायल

बक्सर। बक्सर के चौसा थर्मल पावर प्लांट के गेट पर किसान और पुलिस के बीच जमकर झड़प हुई। पुलिस की गाड़ी फूंक दी गई। पथराव और फायरिंग की गई। इसमें कई किसान घायल हुए हैं। डीएसपी धीरज कुमार, मुफस्सिल थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई हैं। डीएम-एसपी कई थानों की पुलिस के साथ मौके पर कैंप कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस बनारपुर गांव में घुसी। घरों की छत पर चढ़कर पुरुष-महिलाओं को लाठियों से पीटा। इसका



वीडियो भी सामने आया है। किसान जमीन के मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। इस पर किसानों ने पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इधर, बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि किसानों में घुसे उपद्रवियों ने कई राउंड फायरिंग की है। इधर, प्रदर्शनकारी किसानों ने बताया कि पिछले 11 दिनों से अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। इसमें मुख्य मांग उचित मुआवजा शामिल हैं। बुधवार को जिला प्रशासन पुलिस बल के साथ पहुंचे और किसानों को जबरदस्ती गेट से हटाने का प्रयास किया। इससे प्रदर्शन कर रहे किसान आक्रोशित हो गए।

### ग्रामीणों ने पुलिस पर किया पथराव

पुलिस प्रशासन चौसा पावर प्लांट पहुंचे तो गांवों से ग्रामीण भी पहुंच गए। इस दौरान किसानों ने पुलिस को घेरने का प्रयास करने के साथ साथ पथराव भी किया। किसानों का आरोप है कि झड़प के बाद बनारपुर गांव में पहुंची पुलिस ने घर में तोड़फोड़ किया है। घर में जो मिला, उसकी पिटाई की।

## होली उत्सव



मथुरा के द्वारकाधीश मंदिर में होली उत्सव के दौरान भक्त रंगों के साथ जश्न मनाते हुए।




# चुनाव में निष्पक्षता की गारंटी नहीं

निर्वाचन आयोग को यह भरोसा कायम करना होगा कि हटाए गए अधिकारियों की जगह जिन्हें नियुक्त किया गया है, वे वास्तव में पक्षपातपूर्ण व्यवहार नहीं करेंगे।

आम चुनाव की तारीखों का एलान करने के साथ ही निर्वाचन आयोग ने गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों को हटाने का निर्देश जारी कर दिया। इसके अलावा मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य विभाग के सचिवों को भी हटाने का आदेश दे दिया। अब इस फैसले को राजनीतिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। खासकर पश्चिम बंगाल सरकार इसे लेकर पक्षपात का आरोप लगा रही है। हालांकि चुनाव की तारीखें घोषित होने से पहले ही निर्वाचन आयोग ने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि वे चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों का तबादला करें, जिन्होंने अपने पद पर तीन वर्ष का समय पूरा कर लिया है या जो अपने गृह जिलों में तैनात हैं।

मगर राज्य सरकारों ने उस निर्देश पर अमल नहीं किया था। उत्तर प्रदेश सरकार भी नहीं चाहती थी कि उसके गृह सचिव को हटाया जाए, मगर निर्वाचन आयोग ने उसकी दलील नहीं मानी। छिपी बात नहीं है कि चुनाव में शीर्ष अधिकारियों की बड़ी भूमिका होती है।

गृह सचिव राज्यों में और जिलाधिकारी जिलों में निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि होते हैं। इसलिए अगर वे निष्पक्ष नहीं होंगे, तो उन जगहों पर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठेंगे ही। इसलिए निर्वाचन आयोग ने छह राज्यों के गृह सचिवों और पश्चिम बंगाल के पुलिस आयुक्त को हटा दिया। हालांकि यह न तो पहली बार हुआ है और न कानून की नजर में कोई गलत कदम है। जहां भी निर्वाचन आयोग को लगता है कि कोई अधिकारी चुनाव में निष्पक्ष भूमिका नहीं निभा सकता या निभा रहा, तो वह उसे हटा कर उसकी जगह दूसरे अधिकारी को नियुक्त कर सकता है। राजनीतिक दलों की शिकायतों के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया के दौरान भी कई बार अधिकारियों को बदल दिया जाता है।

अभी जिन राज्यों के गृह सचिवों और पश्चिम बंगाल के पुलिस आयुक्त को हटाया गया, उनके बारे में पहले से राजनीतिक दल शक जाहिर कर रहे थे। उनकी संबंधित राज्य सरकारों के प्रति अधिक निष्ठा देखी जा रही थी। पश्चिम बंगाल के पुलिस आयुक्त तो काफी समय से विवादों में घिरे थे। उनके खिलाफ सीबीआइ ने शिकंजा कसने की कोशिश की थी, तब मुख्यमंत्री खुद धरने पर बैठ गई थीं। ऐसे में भला उन पर कैसे भरोसा किया जा सकता था कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में सहयोग करेंगे, राज्य सरकार की मर्जी के अनुरूप काम नहीं करेंगे। उनके खिलाफ कांग्रेस ने भी शिकायत दर्ज कराई थी। उत्तर प्रदेश के गृह सचिव को लेकर भी इसी तरह की आशंकाएं जाहिर की जा रही थीं।

ऐसे समय में, जब विपक्षी दल मतदान मशीनों में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए आंदोलन पर उतरे हुए हैं, बड़े जन समुदाय में भी चुनाव प्रक्रिया पर संदेह पैदा हो गया है, तब ऐसे अधिकारियों को उनके पद पर बनाए रखना किसी भी रूप में उचित नहीं कहा जा सकता, जिनका आचरण संदिग्ध माना जाता रहा है। मगर केवल इतने भर से चुनाव में निष्पक्षता की गारंटी सुनिश्चित नहीं हो जाती।

निर्वाचन आयोग को यह भरोसा कायम करना होगा कि हटाए गए अधिकारियों की जगह जिन्हें नियुक्त किया गया है, वे वास्तव में पक्षपातपूर्ण व्यवहार नहीं करेंगे।

जिस तरह की सक्रियता और प्रतिबद्धता वह अभी दिखा रहा है, उसे पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान दिखानी पड़ेगी। आखिर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव निर्वाचन आयोग की साख से जुड़ा विषय है।

विश्व कविता दिवस- 21 मार्च, 2024

# कविता भावना का संगीत और शब्दों का सौन्दर्य है

**ललित गर्ग**




कविताएं प्राचीन काल से न ही सिर्फ मानव मन को बल्कि समाज के विभिन्न मुद्दों, संवेदनाओं एवं भावों को कलात्मक ढंग से कहने का एक ठोस तरीका रही हैं। विश्व-साहित्य में कविताओं का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। भारत में ऋषि-मुनियों ने काव्य व छंदों में कितनी ही बातें कहीं हैं, कितना साहित्य चौपाई और दोहे में संजोया गया है, स्वतंत्रता-संग्राम में राष्ट्र-कवियों का योगदान अपूर्व रहा है। सन् 1999 में पेरिस में हुए यूनेस्को के 30वें अधिवेशन में तय किया गया कि हर साल 21 मार्च को विश्व कविता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। ऐसा अभिव्यक्ति, सृजन व कला के इस माध्यम को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। काव्य अभिव्यक्ति के माध्यम से भाषाई विविधता का समर्थन करने और लुप्तप्राय भाषाओं को सुनने के अवसर को बढ़ाने के उद्देश्य से दुनियाभर में कविता के पढ़ने, लिखने, प्रकाशन और शिक्षण को बढ़ावा देने की अपेक्षा है और इसके लिये मूल यूनेस्को घोषणा में कहा भी गया है, 'राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कविता आंदोलनों को नई मान्यता और प्रोत्साहन देना वर्तमान की जरूरत है। इसी क्रम में यूनेस्को का मानना है कि कविताएं के माध्यम से आंचलिक भाषाओं को भी बचाया जा सकता है। कविता दिवस मानव सभ्यता के भीतर मौजूद भाषाओं की विविधता का उत्सव है। कविताओं ने सदा से ही अपने समय की गवाही दी है, मानव मन के राग गाए हैं और लोगों को जोड़ने का काम किया है। कितने ही आंदोलनों से लेकर पर्वों तक कविताएं ही एक स्वर के रूप में बाहर आती हैं। कविताएं ज्ञान का आदि और अंत है, यह उतनी ही अमर है जितना मानव का हृदय। कविताएं तमाम मानवीय ज्ञान, विचारों, भावों, अनुभूतियों एवं भाषा की खुशबूदार कलियां हैं।

कविता का उद्देश्य सौन्दर्यभाव को जागृत करना है। जिस सौन्दर्य को हम अपने आस-पास विद्यमान होते हुए भी अनुभव नहीं कर पाते उसे कविता के माध्यम से अनुभव करने लगते हैं। क्योंकि कविता श्रोता को एक सौन्दर्य बोधक दृष्टि प्रदान करती है और वे भाव-सौन्दर्य, शब्द सौन्दर्य तथा ध्वनि सौन्दर्य सभी की अनुभूति करने लगते हैं। कविता का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। कविता मनुष्य को जीवन जीने की सही शिक्षा देती है, अच्छे संस्कार देती है। इसके अतिरिक्त कविता मानव मात्र को ऊंचे आदर्श, पवित्र धारणा और अटल आस्था को धारण करने की ऊर्जा और शक्ति देती है। कविता के माध्यम से जीवन का सत्य और सब प्रकार के अनुभवों को व्यक्त किया जा सकता है। आज से सैंकड़ों वर्ष पहले राजर्षि भर्तृहरि जी ने कविता के विषय में यहां तक कह दिया था कि यदि किसी के पास अच्छी कविता है तो उसे विशाल राज्य की क्या जरूरत है।' सौन्दर्य-मद में झूमती कवि की दृष्टि स्वर्ग से भूलोक और भूलोक से स्वर्ग तक विचरती है। कविताएं प्रकृति-विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण का कार्य भी करती है। एक कवि का संसार विज्ञान के आसपास ही नहीं घूमता, बल्कि विश्वास एवं आस्था को रचता है, कवि विज्ञान का अनुचर नहीं, पूरक है। कविता भावना का संगीत है और शब्दों का सौन्दर्य है।

यदि हम कविता का सही मूल्यांकन करें तो आधुनिक परिवेश में भी कविता मानव जीवन के लिए संजीवनी का काम करती है। कविता से मनोरंजन के अतिरिक्त अच्छी शिक्षा और श्रेष्ठ आदर्श भी मिलते हैं। भागदौड़ के जीवन में कविताओं से नई स्फूर्ति मिलती है। तनावपूर्ण वातावरण में कविता हमें सुख, शांति और धैर्य प्रदान करती है। कुछ चिन्तकों का विचार है कि कविता का जन्म संवेदनशीलता से होता है। संवेदन दो प्रकार के होते हैं- सुखद और दु:खद।

सुखद संवेदन किसी व्यक्ति के सामने प्रकट होते हैं और दु:खद संवेदन लेखन के माध्यम से अभिव्यक्त होते हैं। हो सकता है किसी-किसी कवि और लेखक के साथ ऐसा घटित होता है और वह अपनी संवेदना को सब पर आरोपित कर देता है। कुछ भी हो, कविता कवि की निजी संपत्ति होती है। उसे कोई समझे या नहीं, उसकी प्रासंगिकता ध्यान में आए या नहीं, पर जीवन को रसात्मक बनाए रखने के लिए कविता लिखना और पढ़ना या सुनना आवश्यक है।

कविता के साथ कवि का क्या संबंध होता है, यह एक प्रश्न है। कुछ कवि श्रोताओं के लिए लिखते हैं, कुछ पाठकों के लिए लिखते हैं, कुछ जीविका के लिए लिखते हैं, कुछ समय का सृजनात्मक उपयोग करने के लिए लिखते हैं, कुछ मनोरंजन के लिए लिखते हैं, कुछ अज्ञात को ज्ञात करने के लिए लिखते हैं और कुछ अपने लिए लिखते हैं। और भी कई कारण हो सकते हैं।

कविता लिखने के कारण कुछ भी हों, कविता की सार्थकता इसमें है कि वह श्रोता या पाठक को भीतर से आन्दोलित कर दे। आन्दोलित होने का अर्थ यह नहीं है कि उसमें उथल-पुथल मच जाए। उथल- पुथल मचाना कोई बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात है श्रोता और पाठक की सृजनात्मक एवं रचनात्मक चेतना को स्पन्दित करना, उनमें शांति स्थापित करना। जो कविताएं ध्वंस की प्रेरणा देती हैं, सामाजिक मूल्य-मानकों के प्रति विद्रोह जगाती हैं अथवा निषेधात्मक भावों को जगाती हैं, उन कविताओं से श्रोता या पाठक का हित नहीं सध सकता। यह बात उन कविताओं के लिए है जो दूसरों को उत्प्रेरित करने के लिए लिखी जाती हैं और मंच पर बोली जाती हैं। जो कवि अपने लिए लिखते हैं, उनके सामने न कोई लक्ष्य रहता है और न कोई विषय। उनके मन की पीड़ा या प्रसन्नता जब घनीभूत हो जाती है और उसको सुनने वाला या बंटाने वाला कोई नहीं मिलता है, तब वे एकान्त में जाकर बैठते हैं और अपनी अनुभूतियों एवं संवेगों को कागज पर उतार देते हैं। मार्क ट्वेन का अभिमत है कि पीड़ा तो स्वयं को संभाल लेती है पर आनन्द का भार बांटने के लिए किसी मनुष्य का साथ होना आवश्यक है।

कविताएं खूबसूरती बयां करती है, चाहे किसी से कुछ कहना हो या किसी से प्यार का इजहार करना हो, स्त्रियों के सम्मान की बात हो या पुरुषों के स्वाभिमान की बात, देशकाल परिस्थिति हर बात को कविता के माध्यम से हर किसी के दिल तक पहुंचाने का काम कवि करता है। अगर किसी को कुछ कहने में झिझक होती है तो वो कविता की पंक्तियों के माध्यम से खूबसूरती से अपनी बात लोगों के सामने कर सकता है। विश्व कविता दिवस मनाने का उद्देश्य कविताओं का प्रचार-प्रसार करना है। यह जश्न साहित्यिक अभिव्यक्ति का एक रूप है जो भावनाओं को जगाने, विचारों को व्यक्त करने और मानवीय अनुभव के सार को पकड़ने के लिए भाषा का उपयोग करता है। यह एक विशेष सौंदर्य और भावनात्मक प्रभाव पैदा करने के लिए विभिन्न साहित्यिक तकनीकों, जैसे कविता, कल्पना और रूपक के उपयोग की विशेषता है। कविता का एक लंबा और समृद्ध इतिहास है, जो ग्रीस, चीन और भारत जैसी प्राचीन सभ्यताओं से जुड़ा है। सदियों से, कवियों ने प्रेम, प्रकृति, आध्यात्मिकता, राजनीति और सामाजिक मुद्दों सहित कई प्रकार के विषयों को व्यक्त करने के लिए कविता का उपयोग किया है। कविता की अनूठी विशेषताओं में से एक इसकी अर्थ और भावना को संक्षिप्त और प्रभावशाली तरीके से व्यक्त करने की क्षमता है। कवि अक्सर जटिल विचारों और भावनाओं को कुछ ही शब्दों में व्यक्त करने के लिए रूपक और प्रतीकवाद का उपयोग करते हैं, जिससे पाठक पर एक शक्तिशाली और यादगार प्रभाव पड़ता है। कविता के कई अलग-अलग रूप और शैलियाँ हैं, जिनमें सॉनेट, छंद, मुक्तक, दोहा, चोपाई, हाइकू, मुक्त छंद और स्लैम कविता शामिल हैं, प्रत्येक की अपनी अनूठी विशेषताएं और नियम हैं। कई विविधताओं के बावजूद, कविता कलात्मक अभिव्यक्ति का एक शक्तिशाली रूप बनी हुई है जो दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करती रहती है। निश्चित ही कविता एक जादुई सुरंग है जिसके भीतर से मनुष्य एक विश्व को छोड़कर दूसरे विश्व में प्रवेश करता है।

# तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध

इंटरनेट की ताकत ने भूगोल को इतिहास बना दिया है। यही वजह है कि आज साइबर अपराध दुनिया भर के देशों के लिए चुनौती बन चुके हैं। भारत में चक्षु और डीआईपी जैसी पहलें सराहनीय हैं, लेकिन साइबर अपराधी जिस तरह नित-नए तरीके लेकर आ रहे हैं, लोगों को भी जागरूक होना होगा। भारत बड़े स्तर पर साइबर अपराध और साइबर धोखाधड़ी के हमलों का सामना कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में तो साइबर अपराध के मामले बड़े पैमाने पर बढ़े हैं। दरअसल, कोविड-19 का दौर साइबर अपराध के लिए स्वर्ण युग के रूप में आया। लेकिन वर्तमान स्थितियों को देखकर यही लगता है कि यह आगामी कई दशकों तक हमारे साथ रहने वाला है। आज हम नित-नए प्रकार के साइबर अपराध के मामले देख रहे हैं। दुनिया भर के देशों के लिए साइबर अपराध बड़ी चुनौती बन चुके हैं। सच तो यह है कि इंटरनेट ने भूगोल को इतिहास बना दिया है। इंटरनेट ने साइबर अपराधियों को उनके अपराध का पूरा ताना-बाना बुनने में मदद की है। ऐसे में, साइबर अपराधियों की अंतरराष्ट्रीय प्रकृति राष्ट्रीय सरकारों के लिए मुसीबत बन गई है। जबकि, सरकारें साइबर अपराध को विनियमित करने के लिए राष्ट्रीय कानून अपना रही हैं। दरअसल, साइबर अपराधी जल्द पैसा कमाने के सारे हथकंडे जानते हैं। अपराधियों को पता होता है कि इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को विश्वास में लेकर कैसे आसानी से उन्हें अपना शिकार बनाया जा सकता है और पैसा कमाया जा सकता है। ऑनलाइन धोखाधड़ी आज सबसे बड़े अपराधों में एक हो गई है। आए-दिन हमारे आसपास का कोई न कोई व्यक्ति ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार बनता दिखता है। अनुमान है कि इंटरनेट का उपयोग करने वाला हर तीसरा व्यक्ति ऑनलाइन धोखाधड़ी से पीड़ित है। अन्य क्षेत्रों की तुलना में आज ज्यादा से ज्यादा लोग बिना किसी प्रशिक्षण के इंटरनेट से जुड़ रहे हैं। और, जब व्यक्ति इंटरनेट से जुड़ता है, तो तमाम सूचनाओं और चुनौतियों के गहरे सागर में गोते लगाता है। भारत में साइबर धोखाधड़ी और अपराध एक तरह से कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है और यह तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में पहचान की चोरी, फिशिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी भारत में सबसे प्रचलित तीन साइबर अपराध हैं। लेकिन समस्या यह है कि अपने देश में साइबर अपराध के मामलों में सजा का अनुपात एक फीसदी से भी कम है। वर्तमान साइबर कानून बढ़ते हुए साइबर अपराधों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 में साइबर धोखाधड़ियों से निपटने के लिए कोई प्रत्यक्ष प्रावधान नहीं है। व्यावहारिक रूप से सभी ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी में भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 420 के तहत पुलिस कार्रवाई करती है, लेकिन इसके बावजूद हम साइबर धोखाधड़ी को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी संरचना और दूरसंचार नेटवर्क का दुरुपयोग होता देखते हैं। भारत सरकार साइबर अपराध और धोखाधड़ी को लेकर अत्यधिक चिंतित है। यही कारण है कि सरकार ने कुछ समय पहले 'संचार साथी' पोर्टल लॉन्च किया था। नागरिकों के हित में यह पोर्टल मोबाइल ग्राहकों को सशक्त बनाने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें जागरूक बनाने के लिए दूरसंचार विभाग की बड़ी पहल है। संचार साथी के आने के बाद अब लोगों को पता चल जाता है कि उनके नाम पर कितने सिम कार्ड पंजीकृत हैं। इसके अलावा, हाल ही में भारत सरकार ने चक्षु पोर्टल लॉन्च किया है। लोग इस पोर्टल पर साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी, कॉल, एसएमएस, व्हाट्सएप आदि माध्यमों से होने वाली किसी भी धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। चक्षु ऑनलाइन धोखाधड़ी से लड़ने के लिए लोगों को शक्तिशाली बनाता है। इससे पहले व्यवस्था थी कि जब कोई साइबर अपराध का शिकार होता था, तो वह उसकी शिकायत कर सकता था।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3128

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरण:

1 2 3 5

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3127 का हल

## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी पति (पत्नी को खुश करने के लिए बोला)- डार्लिंग! अब झगड़ा बंद भी करो, मैं शांति के साथ रहना चाहता हूँ।

पत्नी- हाँ-हाँ, तो जाओ ना। रहो तुम अपनी शांति के साथ...! मैं भी अब अपने रमन के साथ रहना चाहती हूँ।

□ □ □

प्रेमी (पत्नी से)- आज तुम्हें मेरा बाँसुरी बजाना बुरा लगता है, लेकिन एक दिन मेरे बाँसुरी बजाने पर ही रीझ कर तुमने मुझसे शादी की थी।

पत्नी गुस्से से बोली- हाँ... की थी, लेकिन बाँसुरी बजाने पर रीझ कर नहीं, बल्कि यह सोच कर शादी की थी कि जिस तरह तुम बाँसुरी में फूँक मारते हो, उसी तरह मेरे घर का चूल्हा भी अच्छी तरह फूँकोगे।

□ □ □

कवि (पत्नी से), "तुम्हे पता होना चहिए कि मैं वीर रस का कवि हूं और लोग मेरे बारे कहते हैं कि मैं अपनी कविताओं से संसार में आग लगा सकता हूं।"

पत्नी, अब अपनी प्रशंसा करना बंद करें और प्लीज जरा चूल्हे में आग जला दें।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3128

**बायें से दायें:-**

१. 'बरसो रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२. राजेशखन्ना, धर्मेन्द्र, वहीदा की फिल्म-३
४. 'नींद कभी रहती थी आँखों में' गीत वाली फिल्म-३
६. राज सोलंकी, हिना रहमान, पायल की फिल्म-२
७. 'कहना है जो दिल से कहो' गीत वाली फिल्म-४
९. संजीवकुमार, नूतन की फिल्म-२
११. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१४. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे है' गीत वाली फिल्म-४
१५. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-३
१६. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
१९. 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
२०. अनिल धवन, रेहाना की फिल्म-२,२
२२. 'पर्दे में रहने दो पर्दा ना' गीत वाली फिल्म-३
२४. सुनील दत्त, साधना की फिल्म-३
२५. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२६. अभिषेक, उदय, एशा की फिल्म-२
२७. 'शरमाए काहे घबराये' गीत वाली फिल्म-२
२९. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
३०. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-२
३१. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-३
३२. शाहरूख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-४
२. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-४
३. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
४. जीतेंद्र, रीना राय, रामेश्वरी की 'धक धक से धड़कना' गीत वाली फिल्म-२
५. 'सपनों का शहर हो' गीत वाली अरशद वारसी, महिमा चौधरी की फिल्म-३
८. सुष्मिता की पहली फिल्म ?-३
१०. 'चूड़े वाली छमिया मिला नैन रे' गीत वाली सनी, जयाप्रदा की फिल्म-३
१३. विनोद खन्ना, बिन्दू की 'दिल करने लगा है प्यार तुम्हे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'जीना तेरी बाहों' गीत वाली सुनील शेट्टी, इंद्रकुमार, नम्रता की फिल्म-३
१७. प्रदीपकुमार, नर्गिस की 'दिल की गिरह खोल दो' गीत वाली फिल्म-२,२,२
१८. 'नजर के सामने जिगर' गीत वाली राहुल राय, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
१९. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'ढपली वाले ढपली बजा' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'गोरी जो मटके बालों' गीत वाली सुनील, रवीना, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
२३. राजेंद्र कुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'हर एक घर में दिया' गीत वाली संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की फिल्म-२
२८. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'अभी साँस लेने की' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3127

## सूडोकु -3128

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली - 3128

**बाएँ से दाएँ**

1.जानकारी-4
4.मांसाहार का उलट-4
8.'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9.कायाकल्प-5
10.पिता के छोटे भाई-2
13.कहानी लिखने वाला-5
15.नाम रखना-5
17.बेवक्त,अकाल-5
20.प्रयास,कोशिश-5
23.टोंटी,नलका-2
24.कामदेव,पुष्कर-2,3
25.डर,भय-4
28.शोर-शराबा-4
29.बेवफा,व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2.बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3.गोलाकार-3
4.सम्मिलित होना-3,2
5.घाटा,नुकसान-2
6.मूर्ख,बेवकूफ-4
7.बिना कारण,बेवजह-4
11.राजा की पत्नी-2
12.वहम,संदेह-2
14.दुर्घटना-3
16.खाना बनाने की जगह,किचन-3
17.एकाएक, सहसा-4
18.अलमस्त-2
19.कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20.आरामदायी-5
21.सम्मान-2
22.भलमानसता-4
26.सद,अच्छा-2
27.मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

शब्द पहेली -3127 का हल

# सोशल मीडिया अकाउंट खोलेगा एल्विश का सच

## रेव पार्टी का हैंडलर कौन? आईटी एक्सपर्ट कर रहे डेटा रिकवर; दो और आरोपी अरेस्ट

नोएडा। यूट्यूबर एल्विश यादव केस में नोएडा पुलिस कोई लूप होल नहीं छोड़ना चाहती है, इसलिए अब उसके सोशल मीडिया अकाउंट (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यू-ट्यूब) की जांच हो रही है। इससे जो साक्ष्य मिलेंगे। उसको केस डायरी में नोट किया जाएगा। इसके बाद चार्जशीट फाइल की जाएगी।

वहीं, वकीलों की हड़ताल के चलते आज की रात भी एल्विश को जेल में ही रहना पड़ा। उसे क्वारंटाइन सेल से हटाकर हाई-सिक्योरिटी सेल में ट्रांसफर कर दिया गया है। पुलिस सोर्स के मुताबिक, एल्विश पर धारा 27ए में केस दर्ज हुआ है। इसमें जमानत मिलना आसान नहीं होता है। एनडीपीएस एक्ट बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उसे जमानत के लिए दोबारा से याचिका डालनी होगी।



एल्विश और उसके दोनों साथियो को आज दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया। वहां जज ने सुनवाई करते हुए सभी को जेल भेज दिया।

### जहर की तस्करी मामले में दो और आरोपी अरेस्ट

प्रतिबंधित सांपों और जहर की तस्करी मामले में नोएडा पुलिस ने दो और आरोपियों को अरेस्ट किया है। आरोपी ईश्वर और विनय को मंगलवार शाम पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इसके बाद गिरफ्तार किया है। दोनों हरियाणा के रहने वाले बताए गए हैं। इस मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव सहित 5 सपेरे पहले ही पकड़े जा चुके हैं। पुलिस इस केस में बेहद जल्द चार्जशीट लगाने वाली है।

### पार्टी से संबंधित कई ग्रुप में जुड़ा है एल्विश, चैट डिटेल रिकवर की जा रही

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नोएडा में होने वाली पार्टियों से संबंधित कई ग्रुप से एल्विश जुड़ा है। ये ग्रुप किस तरह से संचालित किए जा रहे थे? इनका हैंडलर कौन है? इसकी जानकारी भी की जा रही है।

दरअसल, नोएडा पुलिस को शक है कि राहुल के पास से बरामद रजिस्टर में जिन 60 पार्टियों का जिक्र किया था। राहुल वही है, जिसे नोएडा पुलिस ने नवंबर 2023 में 4 लोगों के साथ गिरफ्तार किया था।

ये पार्टियां फरीदाबाद-गुरुग्राम में आयोजित की गईं। इन ग्रुप का पार्टियों के ऑर्गेनाइज से संबंध निकलता है, तो बड़े नैक्सेस का खुलासा हो सकता है। आईटी एक्सपर्ट ऐसे वॉट्सऐप ग्रुप की डिटेल सर्च कर रहे हैं।

200 से 250 लोगों का ग्रुप जिस ग्रुप की हम बात कर रहे हैं, ये 200 से 250 लोगों का होता है। जिसमें कई एडमिन होते हैं।

ग्रुप जॉइन के बाद फेसबुक या इंस्टाग्राम पर एक नोटिफिकेशन आता है। ऑप्शन पर क्लिक करते ही आप ग्रुप से जॉइन हो जाएंगे।

मगर, इस ग्रुप के जरिए जानकारी तब तक नहीं मिलेगी, जब तक एडमिन आपको वेरिफाइड करके ग्रीन सिग्नल नहीं देता। सिग्नल मिलते ही आप के ग्रुप के चैट, इन बाक्स और लाइव चैट, वीडियो कॉल और वाइस कॉल कर सकते है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

नोएडा। डीएनडी से पहले यूटर्न पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। युवक के पिता ने मामले की शिकायत फेज वन पुलिस से की है।दिल्ली निवासी गीता प्रसाद ध्यानी ने पुलिस को बताया कि नौ मार्च को दोपहर साढ़े तीन बजे उनका बेटा राहुल ध्यानी बाइक पर सवार होकर जा रहा था। जैसे ही वह डीएनडी से पहले यूटर्न पर मुड़ा तो पीछे से आ रही कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में राहुल के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक का टखना भी पूरी तरह से बाहर निकल आया। राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान युवक की बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक की पहचान गौरव शर्मा के रूप में है।

## पुलिस कस्टडी में युवक की मौत

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर-39 के हवालात में एक युवक की मौत होने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद युवक को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से दिल्ली रेफर किया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस की तरफ से बताया गया है कि युवक की बीमारी की वजह से मौत हुई है। सेक्टर 44 स्थित छलैरा गांव तनवीर रहता था। वह मूलरुप से अररिया बिहार का रहने वाला था। पुलिस ने आरोपी तनवीर को नशे की हालत में अवैध शराब के 39 पव्वा के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे लौकअप में डाल दिया था। देर रात उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत को गंभीर देखते हुए उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। वहां चिकित्सकों द्वारा तनवीर को मृत घोषित कर दिया गया। पूरे मामले की आला अधिकारियों की ओर से जांच की जा रही है। बताया गया कि मृतक हार्ट की बीमारी से पीड़ित था। रात में तबीयत खराब होने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पला चल सकेगा।

# घर बैठे पैसे कमाने का झांसा देकर 10.94 लाख ऐंठे

## वॉट्सऐप पर मैसेज आया फिर टेलीग्राम से जोड़ा, पहले ट्रांजैक्शन में दिया मुनाफा

**नोएडा।** पार्ट टाइम नौकरी कर घर बैठे लाखों रुपए कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाज़ ने पीड़ित के साथ 10.94 हजार रुपए की ठगी कर ली। शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिकायत में सताता करमाकर ने बताया, 7 मार्च को उनके वॉट्सऐप पर एक मैसेज आया। इसके बाद उन्हें टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़ लिया गया। ग्रुप एडमिन ने उन्हें घर बैठे गूगल रिव्यू



करके लाखों रुपए कमाने का झांसा दिया। प्रारंभिक चरण में ऐसा करने पर ठगों ने पीड़ित को कुछ मुनाफा दिया। फिर 8 मार्च को प्री पेड टास्क के रूप में एक हजार रुपए निवेश करने को कहा गया। जिसे पूरा करने पर 1200 रुपए पीआई के माध्यम से मिले। इसके बाद 48 हजार रुपए निवेश करने के लिए कहा।

इसके बाद 3.80 लाख रुपए निवेश करने के लिए कहा। जमा धनराशि को वापस निकालने के लिए कहा तो ठगों ने मना कर दिया। कहा कि अभी उन्हें 6.50 लाख रुपए और निवेश करने होंगे तब जाकर धनराशि निकाल सकेंगे।

पीड़ित ने नौ मार्च को 6.50 लाख रुपए भी ट्रांसफर कर दिए। धीरे-धीरे करके पीड़ित ने कुल 10.94 लाख रुपए जमा करा दिए, लेकिन रुपए निकालने से जालसाज़ ने इनकार कर दिया।

जब दोबारा पीड़ित ने अपने पैसे वापस करने को कहा तो ठगों ने बताया कि अगर 15 लाख रुपए उसने और जमा नहीं किए तो रकम नहीं मिलेगी। कई बार कहने पर भी जब पीड़ित ने रकम नहीं डाली तो जालसाज़ ने उसे ग्रुप से बाहर कर संपर्क तोड़ दिया।

इसके बाद पीड़ित को ठगी की जानकारी हुई। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई है उसे खंगाला जा रहा है।

# ठेकेदार ने बुजुर्ग को कार सहित ही क्रेन से उठाया

## अवैध पार्किंग में खड़ी थी कार; पार्किंग संचालक पर एफआईआर

एजेंसी

नोएडा। नोएडा में बुजुर्ग को कार के साथ ही उठा लिया गया। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। दरअसल, नोएडा सेक्टर-50 में अवैध पार्किंग से वाहनों को उठाने वाले ठेकेदारों ने इसे अंजाम दिया है। गाड़ी में बैठे बुजुर्ग को गाड़ी समेत उठा लाया। वीडियो में नजर आ रहा है कि बुजुर्ग अपनी गाड़ी में बैठे हैं। क्रेन से कार समेत उन्हें घसीटा जा रहा है।

बताया जा रहा है कि यह कार नो पार्किंग जोन में खड़ी थी, जिसके बाद ठेकेदारों ने इस कार को टो किया। ठेकेदार ने यह भी देखने की जहमत नहीं उठाई कि कार में वरिष्ठ नागरिक बैठे हुए हैं। वीडियो के वायरल होने के बाद अब एक्शन लेने की बात कही जा रही है। सड़क पर टो की गई कार क्रेन के साथ तेज रफ्तार से भाग रही है। कार के शीशे से बुजुर्ग को साफ देखा



जा सकता है।

पुलिस को टैग कर कार्रवाई की मांग की जाने लगी। प्राधिकरण एनटीसी सेल ने ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए है। इससे संबंधित एक एप्लिकेशन थाना प्रभारी सेक्टर-49 पुलिस को दी गई है। एप्लिकेशन में बताया गया कि यहां पार्किंग का संचालन एमजी इंफ्रा सॉल्यूशन की ओर से किया जा रहा है।

अवैध वसूली के उद्देश्य से बुजुर्ग की गाड़ी को जबरदस्ती खींचकर ले गए। ऐसे में संविदाकार प्रवीण गुप्ता, स्टॉफ अनुराग कुमार और विनीत कौशिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर एक्शन लिया जाए।

## नोएडा के बंद मकान में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर 11 पी ब्लॉक के एक मकान में मंगलवार देर रात आग लग गई। आग तेजी से बढ़ी जिसने घर में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद दमकल विभाग को फोन किया। करीब 10 तक फोन नहीं मिला। जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। ग़नीमत रही कि आग और फ्लैट तक नहीं पहुंची। सेक्टर 11 के पी 64 नंबर मकान में आग लग गई है। मकान बंद था इसके बाद स्थानीय लोगों ने पहले खुद ही आग बुझाने की कोशिश की। आग का विकराल रूप देखकर लोगों ने फायर ब्रिगेड और 112 पर कॉल करना शुरू किया। लोगों का कहना है कि काफी देर तक नंबर मिलाया गया लेकिन नहीं मिला इस बीच वह आग बुझाने की कोशिश करते रहे। करीब 10 मिनट बाद नंबर मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

# पोस्टल बैलेट से 2906 कर्मचारी मतदान करेंगे

ग्रेटर नोएडा। लोकसभा चुनाव में इस बार 2906 कर्मचारी पोस्टल बैलेट से मतदान करेंगे। इनमें सबसे ज्यादा 1671 कर्मचारी जेवर विधानसभा के हैं। वहीं, 10502 दिव्यांग मतदाता हैं। दिव्यांग मतदाताओं के लिए अलग चार बूथ बनाए जाएंगे। उनके लिए हर प्रकार की सुविधा विकसित की जाएगी।एडीएम वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने बताया कि जिले में सर्विस मतदाता 2906 चयनित किए गए हैं। इनमें 351 नोएडा विधानसभा, 884 दादरी और 1671 जेवर विधानसभा के कर्मचारी हैं। ये सभी पोस्टल बैलेट से मतदान करेंगे। गौतमबुद्ध नगर की तीन विधानसभा नोएडा, दादरी और जेवर में 641 मतदान केंद्र बनेंगे, जिनमें से 1804 बूथ होंगे। निर्वाचन आयोग ने करीब 21 प्रकार के अलग-अलग ऐप लांच किए हैं, जिसका कर्मचारियों के साथ ही मतदानकर्मियों को भी लाभ मिलेगा। कर्मचारी मोबाइल पर ही हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत जान सकेंगे तो ऐप के माध्यम से मतदाता भी अपने क्रमांक नंबर और सूची में नाम शामिल होने की जानकारी ले सकेगा। साथ ही, लोग नो यॉवर कैंडिडेट ऐप पर चुनाव में उतर रहे नेताओं की कुंडली भी जांच सकेंगे। प्रशासन ने इस बार सात बूथों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया है। यहां पर मतदाता से लेकर ड्यूटी पर तैनात कर्मियों तक में महिलाएं होंगी। वहीं, चार बूथ दिव्यांगों के लिए होंगे। पांच बूथों को युवाओं को प्रेरित करने के लिए बनाया गया है। यहां उन कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिनकी उम्र 20 से 40 वर्ष से कम है, ताकि युवाओं में मतदान के लिए जोश भरा जा सके।

# ऑपरेशन के बाद भी पथरी नहीं निकली, सीएमओ से शिकायत

गाजियाबाद। एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद भी युवक की किडनी से पथरी नहीं निकालने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ने सीएमओ से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।राजनगर एक्सटेंशन में रहने वाले 29 वर्षीय मयंक सक्सेना निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। उन्हें पथरी का दर्द होने पर अल्ट्रासाउंड कराया, जिसे एमएमजी अस्पताल में चिकित्सकों को दिखाया। तो उन्होंने बताया कि उन्हें किडनी में 13.8 एमएम की पथरी है। मयंक लेजर स्कोपी द्वारा ऑपरेशन कराना चाहते थे, लेकिन एमएमजी अस्पताल में लेजर स्कोपी विधि से ऑपरेशन नहीं होते हैं।

फिर उन्होंने पटेल नगर के एक निजी अस्पताल में पांच मार्च को ऑपरेशन कराया। ऑपरेशन के बाद उन्हें आठ मार्च को डिस्चार्ज कर दिया। आरोप है कि इसके कुछ दिन बाद उन्हें फिर से दर्द महसूस हुआ तो वह अस्पताल दिखाने पहुंचे, जहां उन्हें किडनी में इंफेक्शन बताते हुए 14 मार्च को फिर से भर्ती कर लिया। पेन किलर देने के बाद भी दर्द कम ना होने पर चिकित्सकों की सलाह पर अल्ट्रासाउंड कराया, जिसमें उन्हें 7.2 और 5.2 एमएम की पथरी होना बताया गया।

पीड़ित ने सीटी स्कैन एवं एक्स-रे कराया गया। दोनों रिपोर्ट में भी किडनी में पथरी होना बताया, जिसके बाद इसकी जानकारी देने वह अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टर उनसे नहीं मिले। इस पर पीड़ित की ओर से 112 पर भी फोन किया। पुलिस के आने पर भी डॉक्टर नहीं मिले, मामले में पुलिस को तहरीर दी है।

## छेड़छाड़ करने वाले को दो साल की सजा

ग्रेटर नोएडा। जिला न्यायालय ने 10 साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले दोषी को दो साल की सजा सुनाई। दोषी पर पांच हजार का जुर्माना भी लगाया गया। दोषी को जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। केस की सुनवाई अपर सत्र/विशेष न्यायाधीश पाक्सो द्वितीय चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने की। विशेष लोक अभियोजन चवनपाल सिंह ने बताया कि 13 जनवरी 2018 की दोपहर बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पीड़ित बच्ची के घर में नल की बोरिंग का काम हो रहा था। इस दौरान काम कर रहे मजदूर रिहान ने परिवार की दस वर्षीय बेटी की तरफ अश्लील इशारे करते हुए छेड़छाड़ की। पीड़ित परिवार ने इस मामले की शिकायत बादलपुर कोतवाली पुलिस से की। पुलिस ने आरोपी रिहान को गिरफ्तार किया।

# 15 हजार करोड़ जीएसटी फर्जीवाड़े में दो उद्यमी गिरफ्तार

## 26 फर्जी फर्म खोलकर 26 करोड़ का किया फ्रॉड; स्क्रैप का करते है कारोबार





एजेंसी

नोएडा। थाना सेक्टर 20 पुलिस ने 15 हजार करोड़ के फर्जी जीएसटी फर्म फ्रॉड में दो उद्यमी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों ही इस फ्रॉड के मास्टमाइंड है। इसमें अजय शर्मा पुत्र रामनिवास शर्मा निवासी गुड मंडी सोनीपत हरियाणा और संजय जिंदल पुत्र राजेंद्र जिंदल निवासी गुड मंडी सोनीपत हरियाणा को गिरफ्तार किया है।

इस मामले में ये 32 वी गिरफ्तारी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी संजय जिंदल मेसर्स ए एस ब्राउनी मैटल एंड एलॉय प्राइवेट लिमिटेड और अजय शर्मा मेसर्स क्रिस्टल मैटल इंडस्ट्रीज के मालिक हैं।

अभी तक की जांच में सामने आया कि संजय जिंदल मेसर्स ए एस ब्राउनी मैटल एंड एलॉय प्राइवेट लिमिटेड ने करीब 17 करोड़ रुपए और अजय शर्मा मेसर्स ए एस क्रिस्टल मैटल इंडस्ट्री ने 8.5 करोड रुपए का आईटीसी का फ्रॉड किया है। इस संबंध में थाना सेक्टर 20 में एक मुकदमा दर्ज किया गया था जिसकी जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

हालांकि इस मामले में जीएसटी ने दोनों को पकड़ा था। करीब दो महीने तक जेल में रहने के बाद ये बाहर आ गए थे।

### स्क्रैप कारोबार करते बनाने लगे फर्जी कंपनियां

डीसीपी क्राइम शक्ति अवस्थी ने बताया कि इस फ्रॉड में संजय जिंदल ने अपनी कंपनी की आड़ में करीब 20 फर्जी फर्म बनाई। वहीं अजय शर्मा ने छह फर्म बनाकर आईटीसी फ्रॉड किया। दोनों ने मिलकर करीब 26 करोड़ रुपए राजस्व का चूना लगाया।

उन्होंने बताया कि ये दोनों अवैध तरीके से फर्जी जीएसटी फर्म तैयार करवाते थे और उन्हीं फर्जी जीएसटी फ़र्मो से फर्जी इनवौइस कर अवैध लाभ कमाते थे। ये दोनों ही इस पूरे जीएसटी फ्रॉड मामले के मास्टर मा इंड है। ये दोनों अरब पति भी है। दरअसल ये दोनों ही असली बेनिफिशयरी थे।

### 2 महीने जा चुके है जेल, 25-25 हजार का है इनामी

जीएसटी विभाग की ओर से दोनों को पहले भी जेल भेजा जा चुका है। अब नोएडा पुलिस इन दोनों को जेल भेज रही है। इन दोनों पर 25-25 हजार का इनाम रखा गया था। उन्होंने बताया कि ये दोनों ही स्क्रैप का कारोबार करते थे।

### इनके साथी ने रिमांड पर खोले राज इसके बाद पकड़ में दोनों मास्टर मा इंड

दरअसल 4 मार्च को जीएसटी फर्जीवाड़े में शामिल कुणाल मेहता ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। जिसके पास से अहम दस्तावेज बरामद हुए थे। पुलिस ने इस पर 25 हजार का इनाम भी रखा था। पुलिस ने 48 घंटे की रिमांड ली। जिसके बाद उसने पुलिस को कई ठिकानों की जानकारी दी और उसे दिल्ली समेत अन्य ठिकानों पर ले भी जाया गया। फर्जीवाड़े में शामिल कई अन्य आरोपियों के बारे में भी पुलिस को कुणाल से जानकारी मिली है। जिसके बाद पुलिस ने दोनों शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### जून से अब तक 32 गिरफ्तारी

सेक्टर-20 पुलिस ने बीते साल जून में इस फ्रॉड का खुलासा किया था। इस मामले में इन दोनों के अलावा अब तक गौरव सिंघल, गुरमीत सिंह, राजीव ,राहुल, विनीता, अश्वनी, अतुल सेंगर, दीपक मुरजानी, यासीन, विशाल, राजीव, जतिन, नंदकिशोर, अमित कुमार ,महेश, प्रीतम शर्मा, राकेश कुमार, अजय कुमार, दिलीप कुमार, मनन सिंघल, पीयूष, अतुल गुप्ता, सुमित गर्ग, कुणाल समेत 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# शार्ट न्यूज

## आईजीएल गैस लीकेज से लगी किचन में आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कौशांबी स्थित वैशाली सेक्टर 1 में एक फ्लैट के किचन में आग लग गई। आग की सूचना पर फायर स्टेशन वैशाली से दमकल की गाड़ी भेजी गई। ग्राउंड फ्लोर पर बने किचन के अंदर प्लास्टिक और अन्य सामान में आग लग गई थी। जो धीरे-धीरे बाकी फ्लैट को अपने कब्जे में ले रही थी। दमकल कर्मियों ने हौज पाइप फैलाकर और बाल्टी से पानी डालकर आग पर काबू पाया। धुंआ अधिक होने के चलते स्मोक एक्जॉस्टर लगाकर धुंआ को बाहर निकल गया। पता चला है कि आईजीएल गैस पाइपलाइन में लीकेज के चलते आग लगी थी। गाजियाबाद में चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया कि बुधवार की दोपहर फायर स्टेशन वैशाली में सूचना मिली कि प्लाट नंबर 404 सेक्टर 1 वैशाली के फ्लैट में आग लग गई है। इस सूचना पर दमकल कर्मियों की गाड़ी दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने मौके पर देखा ग्राउंड फ्लोर पर बने किचन में आग लग गई है। जो धीरे-धीरे फ्लैट के बाकी हिस्से में फैल रही है। आग के साथ-साथ धुएं की मात्रा भी बहुत अधिक थी। दमकल कर्मियों ने हौज लाइन फैलाकर आग पर काबू पाने की कोशिश करी। साथ ही बाल्टी में पानी भरकर आग बुझाई गई। पूरे फ्लैट में धुआं भर गया था जिसको फायर यूनिट ने स्मोक एक्जॉस्टर की मदद से बाहर निकाल। अभी तक की जांच में पता चला है कि आईजीएल पाइपलाइन लीकेज के चलते यह आग लगी थी।

## पहले एक करोड़ की अफीम बरामद

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में होली और चुनाव से ठीक पहले दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और पंजाब में सप्लाई के लिए आई 1 करोड़ की अफीम क्राइम ब्रांच ने पकड़ी है। झारखंड से यह अफीम लाई गई थी। अफीम की तस्करी करने वाले गिरोह का सरगना ग्रेजुएट है। यह झारखंड से ट्रेन और बस के माध्यम से अफीम लाया करता था। दिल्ली एनसीआर हरियाणा और पंजाब में यह किसको अफीम सप्लाई करते थे। गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच के एडीसीपी सचिनानंद राय ने बताया की क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी की गाजियाबाद के थाना नंदग्राम क्षेत्र में अफीम के तस्कर आने वाले हैं। इस पर जब क्राइम ब्रांच ने जाल बिछाया तो तीन लोग पकड़े गए पकड़े गए। पकड़े गए लोगों के नाम निर्मल कुमार डांगी, रामचंद्र कुमार भुईयां और संजय भुईयां है। यह सभी लोग झारखंड के रहने वाले हैं और उनके गैंग का लीडर निर्मल है। निर्मल खुद ग्रेजुएट है और प्राइवेट जॉब करता था। लेकिन कमाई ठीक ना होने के कारण वह इस फील्ड में उतर आया। क्राइम ब्रांच ने इन से 3 किलो 700 ग्राम अफीम बरामद की है जिसकी कीमत करीब 1 करोड रुपए है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि यह लोग झारखंड से ट्रेन और बस के माध्यम से अफीम लाते थे और इसको हरियाणा पंजाब दिल्ली और एनसीआर में सप्लाई करते थे।

## छठे दिन भी हजारों लोगों को नहीं मिला राशन

**ट्रांस हिंडन।** राशन डीलर के यहां सर्वर डाउन होने से ई-पॉस मशीन काम नहीं कर रही है और इस वजह से शहरवासियों को राशन नहीं मिल पा रहा है। बुधवार को छठे दिन भी कई जगह यही समस्या रही। सैकड़ों दुकानों पर कार्ड धारक दिन भर इंतजार करते रहे, लेकिन सर्वर डाउन रहने से इन्हें खाली हाथ ही लौटना पड़ा K ड्डह्ल>जिले में 4.66 लाख राशन कार्ड धारक हैं। 19.76 लाख लाभार्थी हैं, जिन्हें हर माह जिले के करीब 550 राशन दुकानों से चावल व गेहूं का वितरण किया जाता है। दिन भर में हर दुकान से 400 के करीब लोगों को राशन बांटा जाता है। मगर ई-पॉस मशीन के ठीक तरह से काम न करने के कारण एक घंटे में तीन-चार लोगों को ही राशन मिल पा रहा है। बुधवार को सैकड़ों केंद्रों पर लोग सुबह से ही इंतजार करते रहे। सिर्फ 10-20 फीसदी लोगों को ही राशन मिला। सर्वर डाउन होने के कारण कई दुकानें डीलरों ने बुधवार को भी बंद रखीं। प्रताप विहार में रहने वाले राजेंद्र का कहना है कि राशन के बिना रोटी का संकट पैदा हो गया है। छह दिन से राशन नहीं मिल पाया है।

## देरी से दर्ज हो रहे ई-रिक्शा लूट और चोरी के मुकदमे

**गाजियाबाद।** ई-रिक्शा लूट और चोरी का घटना का मुकदमा दर्ज कराने में पीड़ितों के पसीने छूट रहे हैं। पुलिस कभी सीमा विवाद तो कभी जांच के नाम पर उन्हें टरका रही है। ऐसे ही दो मामले सामने आए हैं। रेलवे स्टेशन के पास से ई-रिक्शा चोरी होने के बाद पीड़ित को दो महीने तक चक्कर काटने पड़े, तब जाकर नगर कोतवाली में केस दर्ज हुआ। वहीं, नशीली चाय पिलाकर ई-रिक्शा लूट की घटना दर्ज करने में सिहानी गेट पुलिस ने एक महीना लगा दिया। शाहपुर बम्हैटा गांव में रहने वाले सनोज कुमार का कहना है कि वह ई-रिक्शा चलाकर गुजर-बसर करते हैं। 18 फरवरी सबह करीब दस बजे उन्होंने नए बस अड्डे से एक महिला, बच्चे तथा दो लडकों को बैठाया। उन्हें पटेल नगर स्थित मेट्रो लाइफ अस्पताल जाना था। पुराने बस अड्डे पर पहुंचने पर ई-रिक्शा में बैठी सवारियों ने चाय पीने की इच्वा जाहिर की। उन्होंने दुकान पर ई-रिक्शा रोक दिया, जिसके बाद सभी सवारियों ने चाय पी और उन्हें भी पीने को दी। सनोज कुमार का कहना है कि चाय पीने के बाद उन्होंने सवारियों को अस्पताल पर उतारा। एक-दो मिनट बाद ही वह बेहोश होने लगे।

## जिम्स में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने का सुझाव

ग्रेटर नोएडा। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) का बुधवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेनशर्मा ने दौरा किया। प्रमुख सचिव संस्थान में करीब तीन घंटे तक रुके और कई व्यवस्थाओं को परखा। वहीं, उन्होंने प्रबंधन को स्किल लैब का इस्तेमाल कर नर्सिंग और तकनीकी अटेंडेंट प्रशिक्षण का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने का सुझाव दिया।उन्होंने जिम्स के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. राकेश गुप्ता, सीएमओ डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. रंभा पाठक समेत अन्य चिकित्सा अधिकारियों और प्राधिकरण के अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में प्राधिकरण को अस्पताल के बेसमेंट के सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द शुरू करने के आदेश दिए। साथ ही, जिम्स को टेली कंसल्टेंसी का हब बनाने पर जोर दिया। जिम्स में स्थापित जीनोम सीक्वेंसिंग और बीएसएल, टीबी लैब का पूरी क्षमता के साथ संचालन करने के आदेश दिए। अस्पताल में स्थापित एचएमआईएस और आईएलएस को पूर्णत: संचालित किए जाने को कहा, ताकि मरीज अपनी सेहत की जानकारी ऑनलाइन देख सकें। भर्ती मरीजों को वार्ड में ही भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने और मोबाइल पर जांच रिपोर्ट भेजने की व्यवस्था शुरू करने के आदेश दिए।

## आयुर्वेर्दिक दवाओं में मिलावट मिली, बिक्री पर रोक

**नोएडा।** जिले में बिकने वाली तीन आयुर्वेदिक दवा और उत्पाद में मिलावट मिली है। रिपोर्ट आने के बाद आयुर्वेदिक एवं युनानी अधिकारी ने इन उत्पादों पर रोक लगा दी है। इसमें कई बड़ी कंपनियां भी शामिल हैं।जिले से वातारिन ऑयल, लिवर दुरुस्त रखने की गोली और रक्त और त्वचा प्यूरिपायर दवा में मिलावट मिली है। तीनों उत्पादों के नमूने जुलाई और अगस्त में लिए गए थे, जिसमें मुख्य औषधि के अलावा भस्म, फ्लेवर्ड सीरप आदि की मिलावट मिली। प्रदेश के आयुर्वेद विभाग के निदेशक ने इन उत्पादों को बनाने वाली कंपनियों पर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार केम ने बताया कि पहले नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए थे। आयुर्वेदिक निदेशालय से जांच रिपोर्ट जारी हुई है, लेकिन मिलावट की स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। लिहाजा इस बारे में एक और निर्देश आने की उम्मीद है।

## भूजल दोहन पर नोटिस जारी होगा

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 22-डी में भूगर्भ जल विभाग की टीम ने बुधवार को ऐस वाईएक्सपी प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रोजेक्ट पर 60 बोरवेल मिले। इनमें से 10 से अधिक बोरवेल में मोटर मिली। बताया कि गुरुवार को बिल्डर प्रोजेक्ट पर जाकर नोटिस जारी किया जाएगा। सेक्टर-22 डी में ऐस ग्रुप का वाईएक्सपी नाम से प्रोजेक्ट बन रहा है। प्रोजेक्ट में बेसमेंट की खुदाई का काम चल रहा है। प्रोजेक्ट में बोरवेल के माध्यम से भूजल दोहन किया जा रहा है। वहीं, बीते दिनों प्रोजेक्ट से भूजल दोहन का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उसी का संज्ञान लेकर बुधवार को भूगर्भ जल विभाग की हाईड्रोलॉजिस्ट अंकिता राय ने प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। साइट पर करीब 60 बोरवेल मिले। इनमें से 10 से अधिक बोरवेल में मोटर पंप मिली। पाइप भी मिले, जिनका इस्तेमाल डी-वाटरिंग करने में किया जा रहा था।

# बुआ ने दो मासूम बच्चों को मार डाला

## लकड़ी के पटरे से वार किया, आधी रात घर से भागी; सुबह बिस्तर पर मिली दोनों भाइयों की डेडबॉडी

प्रयागराज। प्रयागराज के मेजा में दो मासूम बच्चों के कत्ल का सनसनीखेज मामला सामने आया है। लकी (5) और अभी (3) की नृशंस हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उनकी सगी बुआ पूजा ने कर डाली। दोनों मासूम बुआ पूजा से लिपटे रहते थे। कभी उनके साथ सो भी जाते थे। बच्चों की मां से खुन्नस पूजा ने मासूमों से निकाली। मंगलवार रात 35 साल की पूजा ने आधी रात सोते वक्त दोनों मासूमों पर लकड़ी के पटरे से वार कर मार डाला। दोनों भाई एक ही चारपाई पर सोए थे। भतीजों की हत्या कर पूजा रात के अंधेरे में ही घर से निकल भागी। सुबह दोनों भाइयों का शव बिस्तर पर देख कोहराम मचा। पूरे गांव में पूजा की तलाश शुरू हुई, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने बच्चों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हत्यारोपी बुआ की तलाश में दो टीमें




लगाई गई हैं। गांव के लोगों का कहना है कि बच्चों की बुआ की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वह आए दिन झगड़ा करती रहती है। गांव के कई परिवार से वह मारपीट कर चुकी है।

### बच्चों की हत्या का पूरा मामला

यमुना नगर के मेजा थाना क्षेत्र के हरगढ़ गांव में संजय कुमार परिवार के साथ रहते हैं। मंगलवार रात नौ बजे परिवार के लोग सो गए। आधी रात संजय की बहन पूजा (35) ने कमरे के पास आंगन में सो रहे लकी और अभी पर हमला कर उन्हें मार डाला। पूजा भी बच्चों से कुछ दूरी पर ही सोई थी। जबकि बच्चों की मां पार्वती और अन्य लोग कमरे में सो रहे थे। चारपाई पर सोते वक्त ही बच्चों पर हमला कर पूजा ने लकड़ी का पटरा वहीं फेंक दिया और निकल भागी। तब तक किसी को पता ही नहीं चला कि दोनों भाइयों की हत्या हो गई है। सुबह मां पार्वती उठी तो लाशें देख चीख पड़ी। इसके बाद हंगामा मचा। पूजा की तलाश हुई, लेकिन वह नहीं मिली।

### नद और भाभी में हुआ था झगड़ा

गांव वालों का कहना है कि पूजा का एक दिन पहले अपनी भाभी पार्वती से झगड़ा हुआ था। झगड़ा तो आए दिन होता था, लेकिन मंगलवार को बात ज्यादा बढ़ गई थी। इसी खुन्नस में उसने रात में बच्चों की हत्या कर भाभी को तड़पाने का मन बनाया। पूरा गांव पूजा को कोस रहा है। गांव वालों का कहना है कि मासूम बच्चे बुआ के साथ ही खेलते-कूदते थे। पूजा की शादी नौ साल पहले हुई थी, लेकिन वह कुछ दिनों बाद ही ससुराल से आ गई तो वापस नहीं गई। तब से वह अपने भाई संजय के घर ही रह रही थी। डीसीपी यमुना नगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय का कहना है कि देर रात बुआ पूजा ने दोनों बच्चों की हत्या की और घर से निकल भागी। बच्चों के घरवालों ने पुलिस को सूचना नहीं दी, बल्कि गांव वालों से जानकारी पाकर पुलिस पहुंची। तब तक आरोपी बुआ का पता नहीं चला। दो टीमें उसे तलाश रही हैं।

# बरसाना के बाद नंदगांव में खेली गई लट्ठमार होली



**मथुरा।** बरसाना में लड्डू होली और लट्ठमार होली के बाद बारी आई भगवान कृष्ण के पिता नंदबाबा की नगरी नंदगांव की। मंगलवार को यहां बरसाना से आए हुरियारों पर नंदगांव की हुरियारिनों ने जमकर लाठियां बरसाई।

हंसी ठिठोली, अबीर गुलाल के बीच खेली गई लट्ठमार होली का देश-विदेश से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने जमकर आनंद उठाया।

बरसाना में हुई लट्ठमार होली के बाद अगले दिन फगुआ लेने हुरियारे नंदगांव गए। मंगलवार को नंदगांव पहुंचे बरसाना के हुरियारों का यशोदा कुंड पर स्वागत किया गया। यहां हुरियारों ने पाग बांधी और ढाल लेकर निकल पड़े नंदलाल यानी भगवान कृष्ण के दर्शन करने नंद भवन को। नंद भवन पहुंच कर हुरियारों ने भगवान श्री कृष्ण और बलराम के दर्शन किए।

नंद भवन पहुंचे बरसाना के हुरियारों ने होली के गीत गाए। हुरियारों ने गीत गाया...दर्शन दे नेक निकस अटा तै, दर्शन दे नंद दुलारे, कहां छुपा रखो यशोदा माय। इसके बाद हुरियारों ने भगवान कृष्ण, उनके भाई बलराम जी और पूरे परिवार के दर्शन किए।

## शार्ट न्यूज

### लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी ने की गोष्ठी



ललितपुर । पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव व त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ पुलिस कार्यालय में मीटिंग कर आगामी त्यौहारों व लोकसभा चुनाव को सकुशल, निर्विघ्न एवं शान्ति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु तथा सुदृण सुरक्षा /पुलिस प्रबन्ध के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । आगामी त्योहारों होली, नवरात्रि, आदि के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये कि त्योहार रजिस्टरों का भलीभांति अवलोकन कर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाये । त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाने के लिये प्रत्येक थाना क्षेत्र पर पीस कमेठी की बैठक आयोजित कर त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की जाये। आगामी लोकसभा चुनाव के सम्बन्ध में सेक्टर पुलिस अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ समन्वय स्थापित कर स्नस्ञ्ञ टीम के साथ लगा पुलिस फोर्स चुनाव के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चैकिंग की कार्यवाही करे इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया । समस्त थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर, क्रियाशील अपराधी, गुण्डा, अभ्यस्थ अपराधी, अराजक तत्वों पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही कर पाबन्द कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### चंदौली में चार गोवंश तस्कर गिरफ्तार

चंदौली। चंदौली के सदर कोतवाली पुलिस टीम ने जांच के दौरान भगवान तलाब के समीप एनएच पर एक कंटेनर वाहन को जब्त कर लिया। जिसके अंदर से 28 गोवंश बरामद हुए। ऐसे में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए वाहन में बैठे चार अंतरजनपदीय तस्करों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान तस्करों ने बताया कि गोवंश की खेप को पश्चिम बंगाल पहुंचाने के फिराक में थे। जहां वध के लिए गोवंश को बेंचने पर अच्छा मुनाफा मिलता हैं। आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस टीम लगातार वाहनों और संदिग्ध लोगों की जांच में जुटी हैं। इसी अभियान के तहत सदर कोतवाल गगनराज सिंह अपने सहयोगियों के साथ भगवान तलाब के समीप हाइवें पर वाहनों की जांच में जुटे थे। इसी बीच पुलिस कर्मियों ने एक कंटेनर वाहन को जांच के लिए रोक लिया। जांच के दौरान वाहन के अंदर से 28 गोवंश बरामद हुए। ऐसे में पुलिस कर्मियों ने वाहन में बैठे चार लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया।

### अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश

एटा। एटा पुलिस ने लोकसभा चुनावों में प्रयोग होने के उद्देश्य से बनाये जा रहे अवैध असलहा और उनको बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। एटा पुलिस ने चुनावों से पूर्व बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना जैथरा क्षेत्र में एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड किया है। इसमें एक शातिर अभियुक्त 10 बने तमंचे, 1 बन्दूक, 1 पौनिया एवं भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया है। 19 मार्च को थाना जैथरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गांव परौली के जंगलों से एक शातिर अभियुक्त को अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते हुए 8 बने तमंचे 315 बोर, 2 बने तमंचे 12 बोर, 1 बन्दूक 12 बोर, 1 पौनिया 12 बोर, 4 नाल एवं भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया है। एक आरोपी झाड़ियों का सहारा लेकर भाग निकला। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना जैथरा पर मुकदमा दर्ज है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं। जो पूर्व में अन्य जनपदों में भी शस्त्र फैक्ट्री के मामलों में जेल जा चुके हैं।

### आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

कुशीनगर। कुशीनगर में एक बार फिर अचानक मौसम ने करवट ली। बुधवार को खराब मौसम को देखकर खेत में काम करने गए किसान के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। तेज गरज के साथ बारिश शुरू हो गई। किसान जब तक बचने की कोशिश करता उससे पहले आकाशीय बिजली उसके ऊपर कहर बनकर टूट गई। बिजली से झुलसने की वजह से उसकी मौत हो गई। रामकोला थाना क्षेत्र के टेकुआटार में बारिश के बीच बुधवार को बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे किसान की मौत हो गई। अंधियारा टोला का रहने वाले 55 वर्षीय किसान राकेश खरवार मौसम खराब होता देख सुबह आठ बजे ही खेत पहुंच गया। सरसों की फसल काटने लगे। इसी बीच वर्षा के बीच तेज चमक के साथ उस पर बिजली गिरी और वो गंभीर रूप से झुलस गया। स्वजन उसको रामकोला उच्चीकृत स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। राकेश की मौत से घर में चीख पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

सोनभद्र। सोनभद्र में मंगलवार की देर शाम आई तेज बारिश और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार पन्नुगंज थाना क्षेत्र मे मंगलवार की देर शाम को आई आंधी तूफान के साथ गिरी बिजली की चपेट में आने से ग्राम चपईल निवासीनी अमरावती पत्नी महेश सिंह (64) की बुरी तरह से घायल हो गई ।अस्पताल ले जाते समय ही घायल महिला की मौत हो गई। लोगों ने बताया की अमरावती शाम को लगभग सात बजे खेत से अपने घर वापस आ रही थी। तभी अचानक चमक-गरज के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। जिससे रास्ते में घर जा रही महिला आकाशीय बिजली के चपेट में आ गई। आकाशीय बिजली के चपेट में आने से महिला बेहोश होकर गीर पड़ी। तभी तत्काल परिजनों को सूचना होने पर लोगों के द्वारा घायल महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था, कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### युवक का जंगल के किनारे मिला शव

बहराइच। जनपद के कतर्नियाघाट जंगल में बाघ के हमले में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक युवक पिछले दो दिनों से घर से लापता था। उसका शव बुधवार की दोपहर को जंगल के किनारे बेंत की झाड़ियों से बरामद हुआ है। पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं पुलिस ने लाश को कब्जे में ले लिया है। थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत सुजौली रेंज के सुजौली गांव में जंगल किनारे आज दोपहर को ग्रामीणों ने युवक के शव को देखा जिसकी सूचना लोगों ने वन विभाग व पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस और वन विभाग की टीम ने जंगल के किनारे बेंत की झाड़ियों से युवक के शव को बरामद किया है। युवक की पहचान सुजौली गांव निवासी जुगुल 27 पुत्र रामनरेश के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सौरभ सिंह व रेंजर सुजौली रोहित यादव ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुचकर शव को कब्जे में ले लिया है।

# कानपुर देहात में हत्यारोपी को आजीवन कारावास

## 6 साल पहले भतीजे ने की थी चाचा की हत्या

कानपुर देहात। कानपुर देहात में 6 साल पहले एक गांव में पेड़ों के बंटवारे को लेकर चाचा और भतीजे के बीच विवाद हो गया था। विवाद के दौरान भतीजे ने चाचा की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी थी, जिसकी सुनवाई कानपुर देहात जिला एवं सत्र न्यायालय में चल रही थी। नियत तिथि पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने अभियुक्त को दोष सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 10 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कानपुर के घाटमपुर के गांव तिलसड़ा निवासी रामजीवन ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया था कि 20 मई 2017 को गांव के बाहर तेजपुर को जाने वाले मार्ग पर रामकुमार उर्फ बग्गड़ का अपने भतीजे मनोज से नीम के पेड़ के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया था। उसने और मनोज को समझाने का प्रयास किया तभी अचानक मनोज ने कुल्हाड़ी से रामकुमार पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके साथ ही विवेचना करते हुए आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किए थे। मामले की सुनवाई कानपुर देहात के जिला जज जय प्रकाश तिवारी की कोर्ट में चल रही थी।

# घर में लगी आग...मौसेरे भाइयों की झुलसकर मौत

## दादी बोलीं-5 करोड़ की प्रॉपर्टी के लिए चचेरे भाइयों ने मारा; 1 महीने बाद थी शादी

कानपुर। कानपुर में मंगलवार देर रात 2 मौसेरे भाइयों की आग में जलकर मौत हो गई। पुलिस और ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। अंदर 2 शव मिले। जिस लड़के के घर आग लगी, उसकी 24 अप्रैल को शादी थी। अब लड़के की दादी और मौसा ने उसके चचेरे भाइयों पर हत्या का आरोप लगाया है।

दादी कैलाशी ने कहा- सुनील के माता-पिता की मौत हो चुकी है। उसके पास ऑन रोड 4 बीघा जमीन थी। इसी 5 करोड़ की प्रॉपर्टी के लिए उसके चचेरे भाइयों ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

वहीं, एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरिश्चंद्र ने बताया, फोरेंसिक जांच में मौके से कुछ ज्वलनशील पदार्थ मिले



हैं। जो हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। जांच के बाद पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### पूरी घटना...

सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के कसिगवां गांव का सुनील (22) घर में अकेला रहता था। सुनील की मौसी भी उसी गांव में रहती थीं। मौसी गौरा ने बताया, मंगलवार रात करीब 11 बजे सुनील ने उनके बेटे राज उर्फ छोटू (20) को फोन करके बताया कि उसे अकेले नींद नहीं आ रही है। दोनों के बीच अच्छी बातचीत होने के चलते राज सुनील के पास सोने की बात कहकर चला गया।

इसके करीब एक घंटे बाद ही गांव के लोगों ने आग लगने की सूचना दी। चंद मिनट में ही घर धू-धू कर जलने लगा। गांव के लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। इस दौरान सेन पश्चिम पारा थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

सुनील उर्फ अनिल और राज आग की चपेट में आने से जिंदा जलकर मौत हो गई। आग की चपेट में आने से इतनी भयानक तरीके से जले कि दोनों पूरी तरह जल गए थे। ग्रामीणों का कहना है कि जब आग धधक रही थी तब पूरा गांव वहीं पर था। किसी ने भी युवकों की चींख-पुकार नहीं सुनी।

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

मौके पर पहुंचे राज के पिता प्रेम कुमार उर्फ बबलू ने गांव के कुछ लोगों पर रंजिश में हत्या करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उनके बेटों को पीटने के बाद मार दिया गया। फिर घर में आग लगाई।

मामले की जानकारी मिलते ही घाटमपुर सर्किल फोर्स, एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरिश्चंद्र, डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल के बाद दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सुरक्षा एजेंसियों ने बरामद किया तस्करी का सामान

## नेपाल से भारत भेजी जा रही थी शराब की खेप, टूथपेस्ट और क्रीम की गई जब्त

महराजगंज। महराजगंज में अवैध शराब निस्कर्षण एवं तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए गए अभियान के तहत आज दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में भारी मात्रा में नेपाली शराब और नेपाल में बना क्लोजप टूथपेस्ट बरामद किया गया है।

बताया जा रहा है कि निचलौल के निकट थाना प्रभारी निचलौल और एसएसबी बीओपी झुलनीपुर ने अवैध तस्करी की रोकथाम हेतु संयुक्त टीम बनाई थी। टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए बहुआर चौकी क्षेत्र ग्राम बहुआर कला लाईन टोला अन्तराष्ट्रीय बॉर्डर के पास से 360 शीशी (108 ली) अवैध



नेपाली शराब किसमिस सौंफ ब्रांड बरामद किया गया। दूसरी तरफ भारत- नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा आज कस्बा सोनौली के गली नं. 3 घनश्याम नगर तिराहा के पास से 25 कार्टून NEW CLOSE UP EVER FRESH व 34 कार्टुन ग्लो एवं लवली क्रीम बरामद की गई। बरामद सामान को कस्टम अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए कस्टम कार्यालय नौतनवा भेज दिया गया। बरामद सामान की अनुमानित कीमत पांच लाख रुपए बताई गई है। दोनों मामले में तस्कर पुलिस टीम देखते ही सामान छोड़कर फरार हो गए। मौजूदा समय में भारत नेपाल सीमा पर तस्करी का धंधा तेज हुआ है। खुली सीमा का तस्कर पूरी तरह फायदा भी उठाते हैं। सवाल ये है कि सीमा पर एसएसबी , पुलिस, कस्टम एवं अन्य खुफिया एजेंसियों की तैनाती है। सीमा की निगहबानी में इतनी भारी भरकम फौज होने के बाद भी तस्करी का धंधा कैसे फल फूल रहा है।

# नगर निगम ने कब्जे की जमीन खाली कराई

कानपुर। मोहसिनपुर स्थित नगर निगम इन्क्लेव में पार्क की जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग का लोगों ने विरोध कर दिया। कई शिकायतों के बाद भी नगर निगम ने कोई सुनवाई नहीं की। स्थानीय लोगों ने डीएम राकेश सिंह से शिकायत की। इसको लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद बुधवार को हरकत में आए अधिकारियों ने प्लॉटिंग की जा रही जमीन की पैमाइश शुरू की। नगर निगम के मुताबिक संपत्ति विभाग में दर्ज आंकड़ों के मुताबिक 1.618 हेक्टेअर जमीन पर कब्जा है। आवासीय योजना के ले-आउट में ग्रीन एरिया ही दर्ज है। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक पहले भी कब्जा हटाने को लेकर प्रयास किए गए, लेकिन आराजकतत्वों के विरोध के आगे नगर निगम को बैकफुट पर आना पड़ा। जोनल अधिकारी-6 राजेश गुप्ता ने बताया कि आराजी संख्या-872 में 2002 में नगर निगम ने आवासीय योजना बसाई थी। इसमें कॉलोनी के बीच में पार्क बनाने के लिए जमीन छोड़ी गई थी। लेकिन बिल्डर द्वारा अवैध तरीके से प्लाटिंग की जा रही है।

# फिरोजाबाद में पकड़ी अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री

## 9 तमंचे और कारतूस समेत एक आरोपी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस ने एक अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक आरोपी युवक को मौके से गिरफ्तार किया है।

उसके पास से नौ तमंचे और कारतूस भी बरामद किए हैं। आरोपी इन तमंचों को लोकसभा चुनाव में खपाने की तैयारी में था। एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया की थाना रामगढ़ पुलिस ने नगला गुलरिया अमन वाटर पार्क के पास खेतों में बने गड्ढों में चल रही अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दिया।

पुलिस ने मौके से एक आरोपी रंजीत उर्फ अजय पुत्र सतीश निवासी सब्जी मंडी वाली पुलिया पीपल चौक के पास सैलई थाना रामगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 9 तमंचे, कारतूस और तमंचे बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह जगह बदलकर तमंचे तैयार करता है और उन्हें लोगों को बेच देता है।

अभी लोकसभा चुनाव को लेकर वह तमंचे तैयार कर रहा था। वह एक तमंचे को 5 से 6000 में बेचता है। लोकसभा चुनाव को लेकर उसके पास डिमांड भी अधिक आ रही थी।

### बाघ के हमले में युवक की मौत

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट में बाघ के हमले में युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक युवक पिछले दो दिनों से लापता था जिसका शव बुधवार की दोपहर को जंगल के किनारे बेंत की झाड़ियों से बरामद हुआ है। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत सुजौली रेंज अंतर्गत जंगल में बेंत की झाड़ियों में आज दोपहर को ग्रामीणों ने युवक के शव को देखा जिसकी सूचना लोगों ने वन विभाग व पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस और वन विभाग की टीम ने जंगल के किनारे बेंत की झाड़ियों से युवक के शव को बरामद किया है। युवक की पहचान सुजौली गांव निवासी जुगुल (27) के रूप में हुई है।

# 80 लाख के गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## मैनपुरी में 3 कुंतल से ज्यादा माल पुलिस ने किया बरामद, सरकारी जमीन पर करते थे खेती

**मैनपुरी।** मैनपुरी की थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 80 लाख रुपए क़ीमत के गांजे के साथ दो गांजा तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता मुखबिर की सूचना पर मिली है। पुलिस ने दोनों तस्करों पर एनडीपीसी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

मामले पर जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया की भोगांव थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक गगन गौड़ और उनकी पूरी टीम ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक गांजा तस्कर विजय कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद का निवासी है। दूसरा रामकिशोर बिछवा थाना मैनपुरी का



निवासी है। इनके कब्जे से 3 कुंतल 18 किलो गांजा बरामद हुआ है। इनसे जब पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया जनपद एटा के बॉर्डर पर काली नदी के पास सरकारी जमीन और कुछ निजी लोगों से जमीन लेकर वहां पर खेती करते थे।

जहां पर वह उसको सुखा करके गांजा तैयार करते थे। कुछ अच्छी क्वालिटी का गांजा भी बनाकर तैयार करते थे। यह छह बड़े-बड़े बोरों में भरकर बचने के लिए जा रहे थे, जिनको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस गांजे की कीमत लगभग 80 लाख रुपए आंकी गई है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस की है बहुत बड़ी सफलता है, जिसको लेकर थाना पुलिस को पुरस्कृत किया जा रहा है।

फिलहाल इनसे और भी जानकारी की जा रही है। पता चला है कि विजय पिछले 4 सालों से यहां रहकर गांजे की खेती कर रहा है।

इनका ठिकाना काली नदी के किनारे सरकारी जमीन पर था। जहां पर यह गांजे की खेती किया करते थे। फिलहाल पुलिस ने दोनों तस्करों को कार्रवाई करते हुए सलाखों के पीछे भेज दिया है।

# डीआइजी ने किया थाना बार थाना तालबेहट का निरीक्षण

ललितपुर । झांसी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी कलानिधि नैथानी द्वारा जनपद ललितपुर के प्रस्तावित वार्षिक निरीक्षण के क्रम में देर शाम थाना बार एवं थाना तालबेहट का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना भवन, परिसर में बने मेस तथा बैरकों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही मालखाना व कार्यालय के महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। थाना क्षेत्र के समस्त चौकीदारों से वार्ता की गयी । आगामी त्योहारों एवं चुनावों के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून व्यवस्था अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। थाना क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों, बाजारों में भ्रमण कर आमजन



से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का अहसास कराया गया । छोटी से छोटी सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी स्वंय मौके पर पहुंचकर करायें निस्तारण। अन्तर्जनपदीय/ अन्तर्राज्जीय बैरियरों व जनपद में स्थापित आन्तरिक बैरियरों पर FST/SST टीमों के साथ अवैध शराब/अवैध नकदी की रोकथाम हेतु प्रभावी चैकिंग करें सुनिश्चित। सोशल मीडिया/क्षेत्रीय व्हाट्एप ग्रुपों पर रखें सतर्क दृष्टि, माहौल खराब करने वालो पर करें कठोर कार्यवाही। थाना बार एवं थाना तालबेहट वार्षिक निरीक्षण। डीआईजी द्वारा देर शाम थाना बार एवं थाना तालबेहट का वार्षिक निरीक्षण कर थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्पडेस्क, ड्यूटी रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, बैरक आदि का निरीक्षण करते हुये सम्पूर्ण थाना परिसर में साफ-सफाई थाना भवन, परिसर में बने मेस तथा बैरकों का निरीक्षण किया गया।

# कार्यक्रम आयोजन से पूर्व लेनी होगी अनुमति : डीएम

जिलाधिकारी ने गेस्ट हाउस संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है, जिसका हम सभी को हर हाल में पालन करना है, उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के समारोह यथा शादी व राजनैतिक कार्यक्रमों के आयोजन से पूर्व सक्षम अधिकारी की अनुमति लेना अनिवार्य है, इसका विशेष ध्यान रखा जाये, साथ ही कहीं ऐसे कार्यक्रम हो रहे हैं तो उसकी सूचना जिला प्रशासन को दें। जिलाधिकारी ने एफएसटी



टीमों को निर्देशित करते हुए कहा कि भ्रमण के दौरान जहां भी शराब या नगदी की सूचना मिलती है तो मौके पर पहुंचकर वीडियोग्राफी अवश्य करायें, जिसमें गाड़ी का नम्बर व ऑडियो स्पष्ट हो। साथ ही वीडियो में कैश की मात्रा आदि सभी चीजें स्पष्ट रहें। उन्होंने कहा कि जब्त की गई वस्तु का विवरण पीसीएमएस वेबसाइट पर अपलोड करना होगा, साथ ही वस्तु को कोषागार में निर्धारित प्रपत्र भरकर जमा किया जाएगा, जहां गठित कमेटी द्वारा जांच उपरान्त निर्णय लिया जाएगा, एफआईआर न होने की दशा में 7 दिवस के भीरत वस्तु रिलीज करनी होगी। एफएसटी टीमों के पास सभी थानों के थाना प्रभारियों के नम्बर उपलब्ध रहें, ताकि चैंकिंग के दौरान पुलिस का अपेक्षित सहयोग लिया जा सके। चैंकिंग के दौरान यदि वैद्य साक्ष्य या दस्तावेज उपलब्ध कराये गए हैं तो वस्तु को छोड़ना है।

## कनाडा पर गहराया मंदी का साया, सरकारी आंकड़ों में इकॉनमी मजबूत

टोरंटो। ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देश इनदिनों मंदी की चपेट में हैं। जापान बाल-बाल इस मंदी से बचा है, लेकिन अब कनाडा के मंदी में फंसने का खतरा पैदा हो गया है। देश में बैंकरप्सी के लिए आवेदन करने वाली कंपनियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। केवल जनवरी में ही 800 से अधिक कंपनियों ने बैंकरप्सी के लिए आवेदन किया। इससे पहले 2023 में देश में बैंकरप्सी फाइलिंग में करीब 40 फीसदी की तेजी देखने को मिली। अभी जितनी कंपनियां बैंकरप्सी के लिए आवेदन कर रही हैं, वह संख्या 13 साल में सबसे ज्यादा है। कोरोना काल के दौरान कंपनियों को 45,000 डॉलर का ब्याज मुक्त लोन दिया गया था, इस चुकाने की डेडलाइन जनवरी 2024 में खत्म हुई थी। कनाडा की जीडीपी में छोटी कंपनियों की करीब 33 फीसदी हिस्सेदारी है। कनाडा के सरकारी आंकड़ों की मानें तब देश की इकॉनमी मजबूत बनी हुई है। लेकिन छोटी कंपनियों और कई कंज्यूमर्स को संघर्ष करना पड़ रहा है। दिसंबर में कनाडा की इकॉनमी के 0.3 फीसदी बढ़ने की संभावना है। इस तरह चौथी तिमाही में इसमें 1.2 फीसदी की तेजी की संभावना है। तीसरी तिमाही में देश की जीडीपी में 1.1 फीसदी गिरावट रही थी। लगातार दो तिमाहियों में गिरावट को मंदी कहा जाता है। कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो ने पिछले साल भारत से पंगा लिया था। ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ बताया था। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया था। वर्तमान में ब्रिटेन सहित दुनिया के आठ देश मंदी में फंसे हैं। इसमें ब्रिटेन के अलावा डेनमार्क, एस्तोनिया, फिनलैंड, लक्जमबर्ग, मोल्दोवा, पेरू और आयरलैंड शामिल हैं। दिलचस्प बात है कि इनमें से छह देश यूरोप के हैं। इस लिस्ट में अफ्रीका और नॉर्थ अमेरिका का कोई देश नहीं है। जापान मंदी से बाल-बाल बचा है। कई और देशों पर भी मंदी का खतरा मंडरा रहा है। इनमें जर्मनी भी शामिल है। यूरोप की यह सबसे बड़ी इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है। चीन में हालात भी लगातार खराब होते जा रहे हैं।

## चीन में सामने आया अब तक का सबसे बड़ा वित्तीय घोटाला

बीजिंग। चीन में अब तक का सबसे बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आया है। देश के रेगुलेटर्स ने दिवालिया हो चुकी रियल एस्टेट कंपनी एवरग्रेंड और उसके फाउंडर पर रेवेन्यू को 78 अरब डॉलर बढ़ाकर दिखाने का आरोप लगाया है। बता दें कि चीन के इतिहास में इस अब तक का सबसे बड़ा घोटाला माना जा रहा है। एवरग्रेंड दुनिया में सबसे ज्यादा कर्ज में डूबी कंपनी है। इस पर 300 अरब डॉलर से ज्यादा कर्ज है। 2021 में कंपनी ने कर्ज के भुगतान में डिफॉल्ट किया था जिसके बाद चीन में रियल एस्टेट का संकट खड़ा हो गया। चीन की इकॉनमी में रियल एस्टेट की हिस्सेदारी करीब 30 फीसदी है। इससे पूरी इकॉनमी के डूबने का खतरा पैदा हो गया है। चीन के सिक्योरिटीज रेगुलेटरी कमीशन ने एवरग्रेंड ग्रुप की प्रमुख कंपनी हेंगदा रियल एस्टेट पर 58 करोड़ डॉलर का जुर्माना ठोक दिया है। एवरग्रेंड ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन जू जीयन पर 65 लाख डॉलर की पेनल्टी लगा दी है। उन पर कंपनी के वित्तीय रिकॉर्ड को बढ़ाचढ़ाकर दिखाने और नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। कभी चीन के सबसे बड़े रईस रहे जू जीयन को हमेशा के लिए सिक्योरिटीज मार्केट से प्रतिबंधित किया गया है। आयोग ने करीब आठ महीने तक चली जांच के बाद एवरग्रेंड की करतूतों को उजागर किया है। जनवरी में हॉन्ग कॉन्ग के एक कोर्ट ने एवरग्रेंड को बेचने का ऑर्डर दिया था। कंपनी पर अपनी वित्तीय रिपोर्ट्स में सेल्स को बढ़ाचढ़ाकर दिखाने का आरोप है। इस आधार पर कंपनी ने अपने बॉन्ड ब्रिकी किए थे। रेगुलेटर के मुताबिक हेंगदा ने 2019 में 30 अरब डॉलर की सेल दिखाई थी जो उसके रेवेन्यू का करीब आधी थी। इसी तरह कंपनी ने 2020 में 48.6 अरब डॉलर की सेल दिखाई थी जो उसके रेवेन्यू का 78 प्रतिशत थी। लेकिन जांच में पता चला कि कंपनी ने आंकड़ों को बढ़ाचढ़ाकर पेश किया था।

## प्राइमरी चुनाव में बाइडन-ट्रंप ने कई राज्यों में की जीत दर्ज

वाशिंगटन। ओहायो, इलिनोइस, कंसास, फ्लोरिडा और एरिजोना में रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव हुए। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की। कंसास, ओहायो, इलिनोइस और एरिजोना में हुए चुनाव में जो बाइडन 80 फीसदी से ज्यादा मत पाकर विजयी रहे हैं। अभी तक आए नतीजों के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप ने एरिजोना, फ्लोरिडा में जीत दर्ज कर ली है। वहीं अन्य राज्यों में भी उनकी जीत तय है। डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से जो बाइडन उम्मीदवार हैं। वहीं रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद के दावेदार हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने भी अपने गृह राज्य फ्लोरिडा में प्राइमरी चुनाव के लिए मतदान किया। मतदान के बाद ट्रंप ने कहा कि मैंने डोनाल्ड ट्रंप के लिए वोट किया है। राष्ट्रपति चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहे हैं। ट्रंप और बाइडन का प्रचार भी तेज हो रहा है। इसी के तहत बाइडन ने मंगलवार को नेवादा और एरिजोना का दौरा किया। इन दोनों राज्यों में पिछले राष्ट्रपति चुनाव के दौरान बाइडन और ट्रंप में करीबी मुकाबला हुआ था। ऐसे में दोनों नेता कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप, दोनों ही एक दूसरे पर तीखे हमले कर रहे हैं। जो बाइडन ने जहां डोनाल्ड ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया है, वहीं ट्रंप ने जो बाइडन को मानसिक रूप से अनफिट बताया।

## केट का मेडिकल रिकॉर्ड चुराने का प्रयास, जांच के आदेश

लंदन। ब्रिटेन के प्रिंस विलियम की पत्नी केट मिडलटन सर्जरी के बाद से सार्वजनिक तौर पर दिखाई नहीं दी हैं। हाल ही में मीडिया में उनकी एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह अपने पति के साथ दिखाई दी। अफवाहों के बीच खबर आई है केट के मेडिकल रिकॉर्ड चुराने की कोशिश की गई है। मामला राजघराने से जुड़ा होने के कारण घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। केट मिडलटन के मेडिकल रिकॉर्ड चुराने के आरोप में अस्पताल के कर्मचारी पर ही आरोप लगे हैं। घटना के तुरंत बाद अस्पताल प्रशासन ने केनसिंग्टन पैलेस को इसकी जानकारी दी और कहा कि इसकी जांच की जाएगी। ब्रिटिश राजघराने के सदस्यों का इलाज लंदन के इसी अस्पताल में होता है। रिकॉर्ड की चोरी की कोशिश के खुलासे से अस्पताल की छवि को बड़ा झटका लगा है। ब्रिटेन की डाटा प्रोटेक्शन एंड प्राइवेसी अथॉरिटी ने भी घटना की पुष्टि की है। गौरतलब है कि बीते कई दिनों से केट मिडलटन की सेहत को लेकर तरह तरह की चर्चाएं चल रही हैं। दरअसल जनवरी में केट की सर्जरी हुई थी और उसके बाद से ही वह सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखाई नहीं दे रही थीं। अब ब्रिटिश मीडिया में केट मिडलटन की ताजा तस्वीर सामने आई है, जिसमें केट अपने पति प्रिंस विलियम के साथ लंदन की एक शॉप से खरीददारी करती दिखाई दीं। इससे केट की सेहत को लेकर चल रहीं अफवाहों पर लगाम लग गई।

## ब्रिटेन के शाही परिवार में फिर उड़ी अफेयर की चर्चा

लंदन। आजकल सोशल मीडिया पर ब्रिटेन के शाही परिवार प्रिंस विलियम और ब्रिटिश मॉडल सारा रोज हैनबरी के अफेयर को लेकर चर्चा जोरों पर है। दरअसल, जनवरी में पेट की सर्जरी के बाद प्रिंस विलियम की पत्नी और वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन लगातार ब्रिटिश शाही परिवार के साथ नजर नहीं आ रहीं। केट मिडलटन तब भी चर्चा में आ गईं थी, जब शाही परिवार ने मदर्स डे पर एक फोटो जारी की थी। आरोप लगे थे कि इस फोटो को एडिट कर हेरफेर किया गया है। बाद में केट ने इसके लिए माफी भी मांगी थी। अफेयर की चर्चाओं को तब हवा मिली थी, जब द लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट में केट मिडलटन की अनुपस्थिति को लेकर कोलबर्ट ने कहा कि यह घटना प्रिंस विलियम के अफेयर से जुड़ी हो सकती है। अफेयर के आरोपों पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कोलबर्ट ने कहा था, जब आपकी पत्नी आप पर धोखा देने का आरोप लगाती है तो यह अच्छा है। मेरा दिल बेचारी केट के लिए दुखता है। चर्चाओं के बीच कहा जा रहा था कि केट मिडलटन विंडसर में अपनी पसंदीदा शॉप पर देखीं गईं। बता दें कि सारा रोज हैनबरी प्रिंस विलियम के साथ-साथ केट मिडलटन की भी करीबी दोस्त हैं। हालांकि, जब सोशल मीडिया पर प्रिंस विलियम और हैनबरी के अफवाह की चर्चाएं शुरू हुईं तो सारा ने अपनी चुप्पी तोड़ी। सारा ने कहा कि यह सारी बातें अफवाह हैं। बता दें कि शाही परिवार से हैनबरी के परिवार का जुड़ाव पीढ़ियों से है। एक रिपोर्ट के मुताबिक उनकी दादी, लेडी एलिजाबेथ लैम्बर्ट ने 1947 में महारानी एलिजाबेथ और प्रिंस फिलिप की शादी में दुल्हन की सहेलियों का किरदार अदा किया था।




केनबरा में फ्री ईस्ट तुर्किस्तानन समर्थक एक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## हमास के खात्मे के लिए राफा में ग्राउंड ऑपरेशन जरुरी : नेतन्याहू



तेल अवीव,(ईएमएस)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फिर दोहराया है कि राफा में ग्राउंड ऑपरेशन के अलावा हमास को खत्म करने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। नेतन्याहू ने कहा, मैंने अपनी बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से यह स्पष्ट कर दिया कि हम राफा में हमास की बची हुई बटालियनों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने मंगलवार को विदेश और रक्षा मामलों की समिति को बताया, राफा में ग्राउंड ऑपरेशन के बारे में अमेरिकियों के साथ हमारी असहमति है। हमास को खत्म करने की जरूरत के बारे में नहीं, राफा में प्रवेश करने की जरूरत के बारे में असहमति है। बता दें कि अमेरिका राफा में इजरायल के ग्राउंड ऑपरेशन को अंजाम देने के खिलाफ है। अमेरिका मानना है कि इससे गाजा में मानवीय संकट और बढ़ेगा, राफा, गाजा के सबसे दक्षिणी छोर पर मिस्र की सीमा से सटा हुआ इलाका है।

# दोस्त बुलाए तो जाना पड़ता है...

## चुनावी प्रचार छोड़कर अचानक चीन के पड़ोस में पहुंच रहे मोदी, स्वागत में लग गए पोस्टर

**मॉस्को (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार का दौर भी शुरू हो चुकी है। बीजेपी की तरफ से प्रचार अभियान की कमान खुद प्रधानमंत्री मोदी ने उठा रखी है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूरब से लेकर पश्चिम तक धुआंधार रोड शो और जनसभाओं के जरिए पीएम मोदी अबकी बार 400 पार का नारा लगाते और जनता को एक बार फिर से एनडीए को चुनने की अपील करते नजर आ रहे हैं। लेकिन चुनाव प्रचार के बीच पीएम मोदी अचानक चीन के पड़ोस में जाने वाले हैं। पीएम मोदी का दो दिना का दौरा रहने वाला है।



### स्वागत की जबरदस्त तैयारी

पड़ोसी पहले नीति के तहत पीएम मोदी का ये दौरा है। पीएम मोदी के दौरे को लेकर भूटान में जबरदस्त तैयारी की गई है। भूटान के पीएम इसी हफ्ते भारत आए थे। अपनी मुलाकात के बारे में बताते हुए टोबगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना बड़ा भाई कहा था। इसके बाद पीएम मोदी ने न्यौता भी स्वीकार किया था। पीएम की यात्रा से पहले भूटान के पारो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के वीडियो सामने आया है। जिसमें पीएम मोदी के स्वागत के लिए खूबसूरत तरीके से सजाया गया है। अब भूटान के दो दिन के दौरे पर पीएम रहने वाले हैं। पीएम मोदी 21 मार्च यानी गुरुवार के दिन रवाना होंगे।

### पड़ोसी प्रथम नीति पर जोर

मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की पड़ोसी प्रथम नीति पर जोर देने के अनुरूप है। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, भूटान के राजा और पूर्व राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात करेंगे। बयान में कहा गया है कि मोदी भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के साथ द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मामलों पर भी चर्चा करेंगे। भारत और भूटान एक अनोखी और स्थायी साझेदारी साझा करते हैं जो आपसी विश्वास, समझ और सद्भावना पर आधारित है। हमारी साझा आध्यात्मिक विरासत और लोगों के बीच मधुर संबंध हमारे असाधारण संबंधों में गहराई और जीवंतता जोड़ते हैं।

## नेतन्याहू के किस कदम से डरे बाइडन, आनन-फानन में लगा दिया फोन



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति इजरायल के सैन्य अभियान की आशंका को लेकर टेंशन में हैं। इस कारण बाइडन ने इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को आनन-फानन में फोन लगाकर कहा कि राफह में इजराइल के सैन्य अभियान की आशंका से बहुत चिंतित हूं। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलविन ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और नेतन्याहू के संग बातचीत का खुलासा किया, जिसमें बाइडन ने नेतन्याहू से कहा कि वह इजराइल द्वारा गाजा सिटी और खान यूनिस की तरह ही रफह में बड़ा सैन्य अभियान चलाये जाने की आशंका से काफी चिंतित हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलिवन ने सोमवार को अपने नियमित सुलिवन ने बताया कि बाइडन और नेतन्याहू ने रफह को लेकर विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने बताया कि 10 लाख से अधिक लोगों ने राफह में शरण ली है। उन्होंने कहा कि वे गाजा सिटी से खान यूनिस और फिर रफह गए, अब उनके पास कोई सुरक्षित जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि गाजा के अन्य प्रमुख शहरों को बड़े पैमाने पर तबाह कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि इजराइल ने अमेरिका या दुनिया को यह योजना नहीं बतायी है कि वह कैसे या कहां उन नागरिकों को सुरक्षित स्थानांतरित करेगा।

उन्होंने कहा, 'हमारा मानना है कि हमास को रफह या कहीं और पनाह न दी जाए। लेकिन वहां एक बड़ा जमीनी अभियान चलाना गलती होगी। इससे कई निर्दोष जान जाएगी, पहले से ही गंभीर मानवीय संकट और बढ़ेगा, गाजा में अराजकता बढ़ेगी तथा इजराइल अंतरराष्ट्रीय रूप से और अलग-थलग होगा।

## अमेरिकी वीजा के लिए 22 मार्च तक भारतीय करा सकेंगे पंजीचन

वाशिंगटन। अमेरिका में विदेशी कामगारों के लिए वित्त वर्ष 2025 के वास्ते सबसे अधिक मांग वाले एच-1बी वीजा के लिए प्रारंभिक पंजीकरण 22 मार्च को पूर्वी समयानुसार अपराह्न 12 बजे खत्म हो जाएगा। विज्ञप्ति के अनुसार, गैर-आप्रवासी कामगार के लिए आवेदन फॉर्म आई-129 और प्रीमियम सेवा के लिए आवेदन फॉर्म आई-907 अब यूएससीआईएस के ऑनलाइन खाते पर उपलब्ध है। एच-1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी कामगारों को विशेष व्यवसायों में नियुक्त करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

## चीन को जबाव देने इन देशों के साथ त्रिपक्षीय शिखर वार्ता करेगा अमेरिका



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** दुनिया में चीन, रूस और उत्तर कोरिया की बढ़ती गुटबाजी को देकर अमेरिका भी अपने गुट को मजबूत करने में जुट गया है। अब वह फिलीपींस और जापान के साथ पहली त्रिपक्षीय शिखर वार्ता करने जा रहा है। तीनों देशों के नेता त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए 11 अप्रैल को मिलने वाले हैं। इसके मेन एजेंडे के रूप में चीन के बढ़ते खतरे पर फोकस किया जाएगा। इसके साथ ही समावेशी आर्थिक विकास, उभरती प्रौद्योगिकियों और भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति व सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग पर चर्चा होगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जापानी पीएम फुमियो किशिदा और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर की मेजबानी करेगा। व्हाइट हाउस ने घोषणा की है कि यह शिखर वार्ता व्हाइट हाउस में होगी क्योंकि तीनों नेता इंडो-पैसिफिक और उससे आगे त्रिपक्षीय सहयोग का विस्तार करना चाहते हैं। जीन पियरे का कहना है, राष्ट्रपति अंतरराष्ट्रीय कानून को बरकरार रखने और स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने की अमेरिका की प्रतिबद्धता पर जोर देगा। अमेरिका, जापान और फिलीपीन ने क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता की आलोचना की है। खासकर दक्षिण चीन सागर को लेकर क्योंकि चीन इस पर अपना दावा करता है। बीजिंग और फिलीपींस के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है।

## पार्क लेन रेफरेंस मामले में पाकिस्तान राष्ट्रपति को राहत

### – राष्ट्रीय खजाने में 3.77 अरब रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के पार्क लेन रेफरेंस मामले में इस्लामाबाद कोर्ट में सुनवाई हुई। जरदारी राष्ट्रीय खजाने में 3.77 अरब रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। जरदारी को भ्रष्टाचार के एक मामले में मुकदमे से छूट मिल गई है। जरदारी के वकीलों ने कोर्ट से अपील की थी कि उनके मुवक्किल अब राष्ट्रपति हैं, ऐसे में उन्हें इस मामले से छूट मिलनी चाहिए। कोर्ट ने पूछा कि क्या सह आरोपियों के खिलाफ केस चलाया जा सकता है, इस पर वकीलों ने कहा चलाया जा सकता है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 17 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी गई।

यह मामला 2008 से 2013 के दौरान का है। उस समय जरदारी मुल्क के राष्ट्रपति थे। इस मामले को पार्क लेन रेफरेंस के तौर पर जाना जाता है। आरोप है कि उन्होंने अपनी फ्रंट कंपनियों को लोन दिलाने के लिए अधिकारियों को प्रभावित करने की कोशिश की और बाद में उस पैसे का दुरुपयोग किया। उन्होंने अपनी एक कंपनी पार्थेनन प्रा. लिमिटेड के लिए 1.5 अरब रुपये का लोन मिला था। लेकिन बाद में उन्होंने इस धनराशि को फर्जी बैंक खातों के जरिए अपने निजी इस्तेमाल के लिए ट्रांसफर कर दिया।

### कम दामों पर प्रॉपर्टी खरदीने का आरोप

राष्ट्रपति जरदारी 2008 से 2013 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति थे. इस दौरान उन्होंने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर अपनी फ्रंट कंपनियों के लिए लोन लिया था लेकिन बाद में फर्जी खातों के जरिए इस पैसे का निजी तौर पर इस्तेमाल किया। पार्क लेन केस में जरदारी और उनके बेटे बिलावल अली जरदारी पर इस्लामबाद में बेहद कम दरों पर 307 एकड़ की प्रॉपर्टी खरदीने का आरोप है। आरोप है कि जरदारी ने अपने पद का दुरुपयोग कर यह प्रॉपर्टी औने-पौने दाम पर खरीदी थी।

## अब जल्द ही पुतिन जाएंगे चीन

मास्को। व्लादिमीर पुतिन ने दोबारा रुस के राष्ट्रपति चुने गए हैं। वह अपने नए कार्यकाल के दौरान पहली विदेश यात्रा चीन की करना चाहते हैं। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि पुतिन मई में चीन जा सकते हैं, जहां वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी तास का कहना है कि इस संबंध में एक बैठक हुई इसमें कम्युनिस्ट पार्टी के नेता जेनेडी जूगानोव ने पुतिन को पहले विदेशी दौरे के लिए चीन को चुनने की सलाह दी। जेनेडी ने कहा कि दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद आपका पहला दौरा किसी पूर्वी देश का नहीं बल्कि पश्चिमी देश का होना चाहिए। चीनी राष्ट्रपित जिनपिंग आपके दौरे का इंतजार कर रहे हैं, वह हमारे देश को बहुत मान सम्मान देते हैं। इसके बाद पुतिन ने चीन जाने का वादा किया। पुतिन ने कहा कि मैं यकीनन चीन जाऊंगा।

# ज्वालामुखी विस्फोट से लावा निकलेगा तो धरती कैसे ठंडी होगी

### –वैज्ञानिकों ने समझाया, कैसे होगा धरती का तापमान कम

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर बहुत ही ताकतवर ज्वालामुखी फटता है और लावा निकलता है तो धरती का तापमान कम होता है। वैज्ञानिकों की इस बात से सवाल उठना लाजिमी है कि अगर ज्वालामुखी विस्फोट में धधकता हुआ लावा निकलेगा तो धरती ठंडी कैसे होगी? जबकि, अमूमन यही देखा गया है कि ज्वालामुखी के फटने पर आसपास का तापमान अचानक बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

शोधकर्ताओं का दावा है कि जब दुनिया के सबसे ताकतवर ज्वालामुखी फटते हैं तो धरती का तापमान बढ़ने के बजाय कम हो जाता है। ज्वालामुखी में होने वाले धमाके वैज्ञानिकों को धरती के इतिहास में हुए कूलिंग पीरियड को समझाने में भी मदद करते हैं। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा की ग्लोबल क्लाइमेट चेंज रिपोर्ट के मुताबिक, हर कुछ दशक में सबसे ताकतवर ज्वालामुखी विस्फोट में बड़ी मात्रा कण और गैस निकलती हैं। ये सूरज की रोशनी को सीधे धरती तक आने में रुकावट पैदा करते हैं। यही रुकावट ग्लोबल कूलिंग पीरियड के हालात तैयार करती है। जब दुनिया के सबसे शक्तिशाली ज्वालामुखियों में विस्फोट होता है तो ठंड का दौर 1 से 2 साल तक चलता है। ये इतना प्रभावी होता है कि पूरी दुनिया में इसका असर महसूस होता है। कुछ शोध का दावा है कि कभी-कभी ग्लोबल कूलिंग इतनी ज्यादा हो जाती है कि खतरा पैदा कर देती है।

नासा के गोडार्ड इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस स्टडीज और न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी के नए शोध में पिछले अध्ययनों कर रिपोर्ट्स में किए गए ऐसे दावे की जांच की गई है। अब तक शोधकर्ता सबसे शक्तिशाली ज्वालामुखी धमाकों के असर का सटीक अनुमान नहीं लगा पाए हैं। हालांकि, पूर्व में किए गए अध्ययन अनुमान लगाते हैं कि इससे धरती 2 से 8 डिग्री सेल्सियस तक ठंडी हो जाती है। इसे वोल्केनिक विंटर भी कहा जाता है। नए अध्ययन में वोल्केनिक विंटर की आशंका बेहद कम आंकी गई है। एक ताजा रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने 74,000 साल पहले सुमात्रा के टोबा ज्वालामुखी विस्फोट जैसे जबरदस्त धमाके को कंप्यूटर मॉडलिंग के जरिये समझाने की कोशिश की है। इसमें पाया गया कि सबसे शक्तिशाली विस्फोट के बाद धरती के तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा की कमी नहीं आएगी।

वैज्ञानिक ज्वालामुखी विस्फोटों को उनके छोड़े जाने वाले मैग्मा के आधार पर बांटते हैं। इसके मुताबिक, जब कोई ज्वालामुखी 1,000 क्यूबिक किलोमीटर से ज्यादा मैग्मा छोड़ता है तो उसे सुपर विस्फोट कहते हैं। ये विस्फोट बेहद शक्तिशाली होने के साथ-साथ दुर्लभ होते हैं।



सबसे हालिया सुपर-विस्फोट 22,000 साल से भी पहले न्यूजीलैंड में हुआ था। करीब 20 साल पहले व्योमिंग में भी सुपर विस्फोट हुआ था। बता दें कि ज्वालामुखी विस?फोट में कार्बन डाइऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैस भी निकलती है। ज्यादातर लोग जानते होंगे कि ग्रीनहाउस गैसें धरती का तापमान बढ़ाती हैं। इसीलिए दुनिया के सभी देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की रोकथाम की दिशा में काम कर रहे हैं।

# आईपीएल 2024 उद्घाटन समारोह में लगेगा बॉलीवुड का तड़का, हजारों फैंस की मौजूदगी में ये सेलेब्स बिखेरेंगे जलवा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया की सबसे मंहगी लीग यानी आईपीएल के 17वें सीजन का आगाज 22 मार्च को होगा। इस सीजन का पहला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के बीच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। लेकिन इससे पहले भव्य ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। जहां बॉलीवुड के कई बड़े सितारे एंटरटेनमेंट का तड़का लगाएंगे। बीसीसीआई शानदार ओपनिंग शो करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, आईपीएल 2024 की ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां पहुंच सकती है। अक्षर कुमार- टाइगर श्रॉफ स्पेशल परफॉर्मेंस कर सकते हैं। इसके अलावा एआर रहमान और सोनू निगम भी अपनी आवाज का जादू बिखेर सकते हैं। हालांकि, बोर्ड की तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### कब और कहां देख सकेंगे ओपनिंग सेरेमनी?

आईपीएल 2024 का उद्घाटन समारोह 22 मार्च को शाम 6.30 बजे से शुरू होगा। ओपनिंग सेरेमनी की सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएघा। साथ ही जियो सिनेमा ऐप और वेबसाइट पर भी लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी।

### सीएसके/आरसीबी के बीच पहला मैच

आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के बीच एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। फैंस इस मैच को लेकर काफी उत्साहित हैं।



## भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार : अनुराग ठाकुर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल और युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ठाकुर ने कहा कि मेजबानी की दावेदारी के लिए आमंत्रण के साथ ही भारत इसकी मेजबानी के लिए तैयार होगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, 'भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार है।' उन्होंने कहा, 'हम दुनिया की पांचवें सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हमारे पास युवाशक्ति है। खेलों के लिए भारत से बड़ा बाजार नहीं है।'

उन्होंने बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट देखने ब्रिटेन से करीब 4000 क्रिकेटप्रेमी धर्मशाला पहुंचे थे और उन्होंने स्टेडियम की तारीफ भी की। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद 2028 ओलंपिक लॉस एंजीलिस में और 2032 ओलंपिक ब्रिसबेन में खेले जाएंगे।

## हसरंगा संन्यास से वापसी करते ही दो मैचों से निलंबित हुए




**ढ़ाका (एजेंसी)।** श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा संन्यास से वापसी के बाद भी अगले दो मैच नहीं खेल पायेंगे। इसका कारण ये है कि उन्हें अंपायर ने खराब व्यवहार के लिए निलंबित कर दिया है। हसरंगा को श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने टीम की गेंदबाजी बेहतर करने के लिए संन्यास से वापसी के बाद तत्काल टीम में शामिल किया था पर उनके निलंबित होने से उसे झटका लगा है। अंपायर ने इस क्रिकेटर को दो मैचों से निलंबित कर दिया है।

श्रीलंका को मेजबान बांग्लादेश के हाथों एकदिवसीय सीरीज में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा है। श्रीलंका ने इस हार के बाद टेस्ट टीम के लिए इस स्पिनर को शामिल किया। इस क्रिकेटर ने हाल ही में सीमित ओवरों के क्रिकेट पर ध्यान देने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। हसरंगा पर बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में अंपायर से बदतमीजी करने के आरोप में आधी मैच फीस काट ली गई और तीन नकारात्मक अंक दिया गया। इस तरह हसरंगा के एक साल के भीतर 8 नकारात्मक अंक हो गए। आईसीसी के नियम के मुताबिक अगर किसी खिलाड़ी के एक साल के भीतर 8 नकारात्मक अंक हो जाते हैं तो वह स्वयं ही 2 टेस्ट या 4 एकदिवसीय या 4 टी20 मैच के लिए निलंबित हो जाता है।.

हसरंगा के पास सजा के खिलाफ अपील करने का विकल्प खुला है। अगर आईसीसी हसरंगा की अपील ठुकरा देती है तो इसका मतलब यह होगा कि वे टेस्ट सीरीज नहीं खेल पाएंगे। वहीं अगर हसरंगा श्रीलंका-बांग्लादेश सीरीज में नहीं खेलते हैं तो आईपीएल में अपनी टीम सनराइजर्स हैदराबाद से खेल सकते हैं।

## तेंदुलकर, गावस्कर, और रिचर्ड्स से भी बेहतर बल्लेबाज हैं विराट : सिद्धू

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें महानतम बल्लेबाज बताया है। यहां तक कि सिद्धू ने विराट को सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और सर विव रिचर्ड्स से भी बेहतर बल्लेबाज करार दिया। उनका कहना है कि विराट ने अपने को तीनों ही प्रारुपों के अनुसार ढ़ाला है। सिद्धू ने साथ ही कहा कि विराट दुनिया के महानतम खिलाड़ी हैं पर इसके बाद भी अगर वह एक बार भी अपनी टीम आरसीबी को आईपीएल में खिताब नहीं दिला पाये हैं। ये उनके लिए एक धब्बे की तरह है। है। आप इसे मिटाना चाहेंगे हालांकि यह उनके लिए किसी भी तरह से नुकसानदेह नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और आप इसे देख सकते हैं।

सिद्धू ने ये भी कहा कि मैंने उन्हें अब तक का सर्वश्रेष्ठ भारतीय बल्लेबाज पाया है। ऐसे भी युग थे जब मैं अपना ट्रांजिस्टर लगाता था और सुनील गावस्कर को वेस्टइंडीज के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए सुनता था, वह 70 का दशक है। वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज को सुनना कि वह कैसे बिना हेलमेट के बल्लेबाजी करते थे। वह उनका युग था। वह लगभग 15-20 वर्षों तक हावी रहे। फिर तेंदुलकर आए और एक और नये युग की शुरूआत हुई। फिर धोनी आए और फिर विराट। यदि आप चारों को देखें , मैं उसे सर्वश्रेष्ठ मानूंगा क्योंकि उसने तीनों प्रारूपों के अनुरुप अपनरे को ढाला है। सिद्धू ने कोहली की फिटनस की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह तकनीकी क्षमता में श्रेष्ठ हैं साथ ही फिटनेस में भी। यदि आप चारों क्रिकेटरों को देखें, तो वह सबसे फिट हैं। तेंदुलकर को अपने करियर के बाद के चरणों में समस्याएं थीं। हालांकि धोनी अभी फिट हैं पर विराट सुपर फिट है। यह उसे एक स्तर तक ऊपर उठाता है



## आईसीसी रैंकिंग : राशिद खान की शीर्ष 10 में वापसी, सूर्यकुमार अभी भी टॉप पर

**दुबई (एजेंसी)।** चोट से टीम में वापसी करने के बाद अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने आयरलैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला में मजबूत प्रदर्शन के बाद टी20आई गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर से प्रवेश कर लिया है। आईसीसी द्वारा अपडेट की गई रैंकिंग में राशिद चार पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गए। वह आयरलैंड सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे जिसे अफगानिस्तान ने 2-1 के अंतर से जीता था। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने तीन मैचों में 5.62 की औसत से 8 विकेट लिए। 2023 विश्व कप के दौरान लगी पीठ की चोट से उबरने के बाद यह किसी भी प्रारूप में उनकी पहली श्रृंखला थी। राशिद के साथी नवीन-उल-हक (दो स्थान ऊपर 55वें स्थान पर) ने आयरलैंड श्रृंखला के दौरान अपने तीन विकेटों के बाद कुछ बढ़त हासिल की जबकि आयरिश तिकड़ी जोश लिटिल (सात स्थान ऊपर 39वें), मार्क अडायर (दो स्थान ऊपर 56वें) और बैरी मैक्कार्थी (15 स्थान ऊपर 77वें स्थान पर) ने भी अपनी टी20आई गेंदबाज रैंकिंग में सुधार किया जिसका नेतृत्व इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद कर रहे हैं। भारत के कप्तान रोहित शर्मा बुधवार को आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर आ गए हैं। रोहित 746 रेटिंग अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं और अपने साथियों विराट कोहली (768 अंक) और शुबमन गिल (801 अंक) से पीछे हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम 824 अंकों के साथ रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। टेस्ट रैंकिंग की बात करें तो भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कुल 847 अंकों के साथ दूसरे से तीसरे स्थान पर आ गए हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के भी बराबर अंक हैं, लेकिन उनका इकॉनमी रेट बेहतर है। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कुल 861 अंकों के साथ टी20आई बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपना दबदबा कायम रखा।

## आरसीबी आईपीएल में नये नाम, जर्सी और लोगों के साथ उतरेगी

बेंगलुरु । रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) अब आईपीएल के 2024 सत्र में नये नाम , जर्सी और लोगों के साथ उतरेगी ।एक कार्यक्रम में विराट कोहली, फाफ डू प्लेसी और महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने आरसीबी के नए नाम, लोगो और जर्सी का अनावरण किया ।फाफ डू प्लेसी की कप्तानी में उतरने जा रही आरसीबी की टीम अब नाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के नाम से जानी जाएगी। आरसीबी इस लीग में नाम बदलने वाली तीसरी टीम है ।इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स की टीमों ने भी अपने नाम बदले थे। हालांकि, नाम बदलने के बाद भी ये टीम जीत हासिल नहीं कर पायीं थीं ।अब देखना है कि आरसीबी के लिए नया नाम कितना फायदेमंद रहता है ।आरसीबी की टीम उन 8 टीमों में से एक हैं, जो आईपीएल के पहले सीजन से खेल रही हैं । 16 साल के आईपीएल के अपने सफर में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम तीन बार फाइनल में पहुंची थी पर एक बार भी जीत दर्ज नहीं कर पायी ।कोहली ने सबसे अधिक 143 मैचों में आरसीबी की कप्तानी की है । उन्होंने दो बार टीम को फाइनल में पहुंचाया पर ट्रॉफी नहीं जीत पाये ।वहीं फाफ डू प्लेसी लगातार तीसरे सीजन में आरसीबी की कप्तानी करेंगे । उनकी कप्तानी में आरसीबी ने 27 मैच खेले हैं, जिनमें से उसे 14 में ही जीत मिली है । मंधाना की कप्तानी में आरसीबी ने महिला प्रीमियर लीग खिताब जीता है ।




## मुझे किंग न कहें प्रशंसक : विराट




बेंगलुरु ।अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने प्रशंसकों से कहा है कि उन्हें किंग न कहें ।विराट ने स्टेडियम में एकत्रित प्रशंसकों से कहा कि उन्हें इससे शर्मिंदगी होती है ।इसके बाद प्रशंसकों ने कोहली-कोहली के नारे लगाने शुरू कर दिए । इस दौरान विराट ने कहा कि क्रिकेट के मैदान पर वापसी से उन्हें अच्छा लग रहा है । उत्साहित कोहली ने प्रशंसकों से मजाकिया लहजे में कहा कि मुझे बात करने दीजिए ।दोस्तों, हमें आज रात चेन्नई जाना है, हमारे पास एक चार्टर्ड फ्लाइट है इसलिए हमारे पास समय नहीं है ।कोहली ने कहा कि सबसे पहले, आप मुझे किंग बोलना बंद करेंद्य ।मुझे विराट कहकर ही बुलाएं ।मुझे किंग नाम से मत बुलाएं, मैं फाफ डु प्लेसिस से भी कह रहा था कि जब आप मुझे इस शब्द से बुलाते हैं तो मुझे हर बार अजीब सा लगता है । इसलिए मुझे केवल विराट कहकर बुलाएं, अब से उस शब्द का इस्तेमाल न करें, यह मेरे लिए बहुत शर्मनाक है ।विराट ने इससे पहले भी कई बार गया है कि उन्हें किंग न कहें। पिछले साल आरसीबी के शो में उन्होंने कहा था कि भले ही यह सुंदर शब्द है ।मैं जानता हूं कि प्रशंसक ऐसा क्यों कह रहे हैं पर मुझे यह पसंद नहीं है ।मुझे अपने ही नाम से बुलाया जाना पसंद है, विराट ।उन्होंने कहा कि लोग प्यार से मुझे किंग कहते हैं परमैं निजी तौर पर इसे पसंद नहीं करता ।

## भारतीय हॉकी टीमें एफआईएच हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा पहली बार जारी हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। भारतीय पुरूष टीम ओमान और मलेशिया के साथ दूसरे स्थान पर है। तीनों टीमों के 1400 अंक है। भारत ने एशियाई चैम्पियनशिप जीती और मस्कट में जनवरी में हुए विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहा था।

वहीं ओमान ने कांस्य पदक जीता था। नीदरलैंड 1750 अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने पहला हॉकी5 विश्व कप और यूरोपीय चैम्पियनशिप जीती थी। पोलैंड और मिस्र संयुक्त पांचवें स्थान पर है। त्रिनिदाद और टोबैगो और कीनिया संयुक्त सातवें स्थान पर है जबकि पाकिस्तान नौवे स्थान पर है।

महिला रैंकिंग में नीदरलैंड शीर्ष पर है जिसने विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके साथ ही यूरोपीय चैम्पियनशिप भी अपने नाम की थी। रजत पदक विजेता भारत दूसरे स्थान पर है जबकि पोलैंड तीसरे स्थान पर है। उरूग्वे और दक्षिण अफ्रीका संयुक्त चौथे स्थान पर है।



## पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में भाग नहीं ले सकेंगे रूस और बेलारूस के खिलाड़ी



जिनेवा ।रूस और बेलारूस के खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक परेड में भाग नहीं ले सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने यह जानकारी दी। ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 26 जुलाई को है जिसमें हजारों खिलाड़ी सीन नदी से एफील टावर की तरफ नावों से आएंगे जबकि आम तौर पर परेड स्टेडियम में होती है ।आईओसी ने कहा कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ी नदी के किनारे समारोह देख सकेंगे ।उन्हें तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर ओलंपिक में खेलने की अनुमति मिली है ।इससे पहले अंतरराष्ट्रीय पैरालम्पिक समिति ने 28 अगस्त को पेरिस पैरालम्पिक के उद्घाटन समारोह में रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध की घोषणा की थी ।यूक्रेन में जारी जंग के कारण दोनों देशों को ओलंपिक में टीम स्पर्धाओं में भाग नहीं लेने दिया जाएगा ।वहीं व्यक्तिगत वर्ग में खिलाड़ी तटस्थ तौर पर खेलेंगे बशर्ते उन्होंने यूक्रेन में जारी युद्ध का समर्थन नहीं किया हो या सेना या सुरक्षाबलों से जुड़े नहीं हों ।रूसी पासपोर्ट धारक 36 और बेलारूस के 22 खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है ।

## राहुल आईपीएल में अच्छा खेलता है तो टी20 विश्व कप टीम में जगह पक्की: जस्टिन लैंगर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर केएल राहुल टीम को पहला आईपीएल खिताब दिला पाते हैं तो टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में उनकी जगह तय होनी चाहिए। जांघ की मांसपेशियों की चोट से उबरकर वापसी कर रहे राहुल शायद आईपीएल में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। उनका भारत की टी20 टीम में चयन तय नहीं है लिहाजा उन्हें आईपीएल में बल्लेबाजी में और विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

यह पूछने पर कि कप्तानी की निजी आकांक्षाओं और टीम के हितों में संतुलन कैसे बनाएंगे, लैंगर ने कहा कि यह मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा, 'अगर टीम अच्छा करती है तो हर किसी को ईनाम मिलता है। केएल अगर लखनऊ टीम को आईपीएल खिताब दिलाते हैं तो इसका मतलब होगा कि उन्होंने अच्छी कप्तानी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी विकेटकीपिंग की है।'

राहुल के अलावा लखनऊ के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी चयन की दौड़ में हैं। लैंगर ने कहा, 'केएल या बिश्नोई के लिए साफ संदेश है कि लखनऊ टीम के लिए अच्छा खेलने पर फोकस करें, टी20 विश्व कप टीम में जगह पाने के मौके बढ़ेंगे।' लखनऊ टीम के पूर्व मेंटोर गौतम गंभीर अब केकेआर से जुड़ गए हैं। यह पूछने पर कि क्या टूर्नामेंट के दौरान उनसे टक्कर देखने को मिल सकती है, लैंगर ने कहा कि वह टीम के लिये गंभीर के योगदान के प्रशंसक हैं।

उन्होंने कहा, 'कोई टक्कर नहीं होगी। उनके टीम छोड़ने से मैं दुखी हूं लेकिन वह केकेआर का असली नायक है। हम दोनों अच्छे दोस्त रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग भी मेरे दोस्त हैं। सीएसके के स्टीफन फ्लेमिंग और माइक हस्सी भी मेरे दोस्त हैं।'

## धोनी के लिए क्रिकेट महत्वपूर्ण है लेकिन सब कुछ नहीं : पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान

मुम्बई ।वर्षों की महनत के बाद महेंद्र सिंह धोनी ने अपनी खुद की एक विरासत बनाई है ।2011 में भारत को वनडे विश्व कप जिताने से लेकर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ पांच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीतने तक, रांची में जन्मे क्रिकेटर ने खेल को अपना सब कुछ दिया है ।हालांकि भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि धोनी जैसे स्थापित और प्रसिद्ध खिलाड़ी के लिए क्रिकेट महत्वपूर्ण है, लेकिन यह उनके लिए सब कुछ नहीं है ।जहीर ने कहा, 'जब आप खेल रहे हों, तो (खेल से) स्विच ऑफ करना बहुत महत्वपूर्ण है । क्रिकेट ही सब कुछ नहीं है ।हर क्रिकेटर को अंतत: इसका सामना करना पड़ता है ।जब आप खेल से दूर हो जाते हैं तो आपके पास बहुत सारे विकल्प नहीं होते हैं । हमने कई एथलीटों को रिटायर होने के बाद संघर्ष करते देखा है क्योंकि उन्होंने खेल को अपना सब कुछ दे दिया, और जब उन्होंने इसे छोड़ा, तो उन्हें नहीं पता था कि क्या करना है ।' जहीर ने धोनी की बाइक्स में रुचि पर भी गौर किया ।उन्होंने कहा, 'इस अर्थ में एमएस धोनी को बहुत पहले ही समझ आ गया था कि उन्हें क्रिकेट का शौक है और यह उनके जीवन का अभिन्न अंग है ।लेकिन यह सब कुछ नहीं हो सका। वह खेल से बाहर की चीजें करता रहता है। मसलन, बाइक्स में उनकी दिलचस्पी ।वह हमेशा उन पर शोध करते रहते हैं ।'

## मुम्बई इंडियंस को एक और झटका सूर्यकुमार भी पहले मैच से बाहर हुए

मुम्बई ।मुम्बई इंडियंस को आईपीएल 2024 शुरु होने से पहले ही एक और झटका लगा है ।आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी अब शुरुआती मैच में नहीं उतरेंगे। सूर्यकुमार को नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) से फिटनेस जांच में खेलने की मंजूरी नहीं मिली है। इससे टीम के नये कप्तान हार्दिक पंड्या की मुश्किलें बढ़ गयी हैं ।एक रिपोर्ट के अनुसार सूर्याकुमार की एक और फिटनेस जांच अब 21 मार्च को होगी। मुंबई को अपना पहला मैच गुजरात टाइटंस के खिलाफ 24 मार्च को खेलना है ।इसमें अब ऑस्ट्रेलिया के जेसन बेहरनडॉर्फ के अलावा श्रीलंकाई क्रिकेटर दिलशान मधुशंका भी नहीं खेलेंगे ।

# नीरज चोपड़ा ने जताई हैरानी, बोले विश्वास करना मुश्किल हो रहा है कि पाकिस्तान के नदीम को नया भला नहीं मिल पा रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने सोमवार को उस समय आश्चर्य व्यक्त किया जब उन्हें पता चला कि उनके मैदान पर प्रतिद्वंद्वी और पाकिस्तान के दोस्त अरशद नदीम एक नया भाला हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। नदीम ने कुछ हफ्ते पहले कहा था-'यह अब उस स्तर पर पहुंच गया है जहां भाला क्षतिग्रस्त हो गया है और मैंने राष्ट्रीय महासंघ और अपने कोच से पेरिस ओलंपिक से पहले इसके बारे में कुछ करने के लिए कहा है। जब मैंने 2015 में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया तो मुझे यह भाला मिला... ओलंपिक खेलों में पदक जीतने का लक्ष्य रखने वाले एक अंतरराष्ट्रीय एथलीट के लिए, आपको उचित उपकरण और प्रशिक्षण सुविधाओं की आवश्यकता होती है।'

### नीरज चोपड़ा ने जताई हैरानी


मैदान के बाहर नदीम के साथ अच्छा रिश्ता साझा करने वाले चोपड़ा ने कहा कि यह विश्वास करना वाकई मुश्किल है कि पाकिस्तानी एथलीट को नए भाले के लिए इतना संघर्ष करना पड़ रहा है। नीरज चोपड़ा ने सोमवार को स्र्द्ध मीडिया से कहा- 'यह विश्वास करना कठिन है कि वह एक नया भाला पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। उनकी गेम को देखते हुए, यह बिल्कुल भी बड़ा मुद्दा नहीं होना चाहिए।'

चोपड़ा ने आगे कहा- 'ऐसा नहीं हो सकता कि नदीम के पास भाला खरीदने का साधन न हो। वह एक चैंपियन हैं और कुछ ब्रांड एंडोर्समेंट कर रहे होंगे। मुझे लगता है उसने थोड़ा पैसा भी कमाया है। लेकिन यह कहने के बाद, उनकी सरकार अरशद नदीम की ज़रूरत को देख सकती है और उनका समर्थन कर सकती है जैसे मेरी सरकार ऐसा कर रही है। '

### वह एक शीर्ष जेवलिन थ्रोअर है

'इसके अलावा, नीरज ने कहा- अरशद नदीम एक शीर्ष भाला फेंकने वाला खिलाड़ी है और मेरा मानना है कि भाला निर्माता उसे प्रायोजित करने और वह जो चाहते हैं उसे प्रदान करने में बहुत खुश होंगे। यह मेरी तरफ से एक सलाह है।' इतना ही नहीं, नदीम 90.18 मीटर थ्रो के साथ, 27 वर्षीय पाकिस्तानी ने खिताब का दावा करने के लिए बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भाला फेंक का एक नया रिकॉर्ड बनाया था। इससे राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक के लिए पाकिस्तान का 60 साल का इंतजार खत्म हो गया। नदीम ने दिसंबर 2022 में यूके में कोहनी का ऑपरेशन कराया था। पिछले साल, उन्होंने फिर से घुटने की सर्जरी करवाई और हांग्जो एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं लिया, जहां चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था।





# सोलर वेस्ट 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंच सकता है : सीईईडब्ल्यू

नयी दिल्ली। नेट-जीरो लक्ष्य को पाने के लिए भारत अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमता बढ़ा रहा है। इससे मौजूदा और नई सौर ऊर्जा क्षमता (वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2029-30 के बीच स्थापित क्षमता) से निकलने वाला सोलर वेस्ट 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंच सकता है। यह 720 ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल को भरने के बराबर होगा।

यह जानकारियां काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की ओर से बुधवार को जारी एक नए अध्ययन 'इनेबलिंग अ सर्कुलर इकोनॉमी इन इंडियाज सोलर इंडस्ट्री- असेसिंग द सोलर वेस्ट क्वांटम' से सामने आई है। इस अध्ययन के अनुसार, इस सोलर वेस्ट का ज्यादातर हिस्सा पांच राज्यों- राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु- से आएगा। भारत की मौजूदा सौर ऊर्जा क्षमता से निकलने वाला सोलर वेस्ट 2030 तक बढ़कर 340 किलोटन हो जाएगा। इसमें लगभग 10 किलोटन सिलिकॉन, 12-18 टन चांदी और 16 टन कैडमियम व टेल्यूरियम शामिल है, जो भारत के लिए महत्वपूर्ण खनिज हैं। बाकी 260 किलोटन सोलर वेस्ट इस दशक में स्थापित होने वाली नई सौर ऊर्जा क्षमता से आएगा। यह भारत के लिए सोलर सेक्टर में सर्कुलर इकोनॉमी के एक अग्रणी केंद्र के रूप में उभरने और सोलर सप्लाई चेन में लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए अच्छा अवसर है।

अध्ययन के मुताबिक भारत ने 2030 तक लगभग 292 गीगावॉट सौर क्षमता हासिल करने की योजना बनाई है, इसलिए पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक कारणों से सोलर पीवी वेस्ट का प्रबंधन महत्वपूर्ण हो जाएगा। सीईईडब्ल्यू के इस अध्ययन ने पहली बार विनिर्माण को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों से निकलने वाले सोलर वेस्ट का आकलन किया है, जो आंकड़ों से निर्देशित सोलर वेस्ट प्रबंधन नीतियां बनाने के लिए बहुत जरूरी जानकारी है। भारत पहले से सोलर वेस्ट से निपटने के लिए कई उपायों को लागू कर रहा है। पिछले साल पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय



(एमओईएफसीसी) ने सोलर पीवी सेल्स और मॉड्यूल वेस्ट के प्रबंधन के लिए ई-वेस्ट (मैनेजमेंट) रूल्स-2022 जारी किया था। ये नियम सोलर पीवी सेल्स और मॉड्यूल के उत्पादकों पर विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (ईपीआर) ढांचे के तहत उनके सोलर वेस्ट के प्रबंधन की जिम्मेदारी डालते हैं।

सीईईडब्ल्यू के सीईओ डॉ. अरुणाभा घोष ने कहा, भारत को न केवल एक पर्यावरणीय अनिवार्यता, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने व एक सर्कुलर इकोनॉमी विकसित करने की एक रणनीतिक जरूरत के रूप में, सोलर वेस्ट के समाधान के लिए पूर्व-सक्रियता के साथ कदम उठाने चाहिए। जैसा कि हम सौर ऊर्जा क्षमता में मार्च 2015 में सिर्फ चार गीगावॉट से दिसंबर 2023 में 73 गीगावॉट तक की उल्लेखनीय वृद्धि देख रहे हैं, मजबूत रिसाइक्लिंग व्यवस्थाएं बहुत ही महत्वपूर्ण बन गई है। ये अक्षय ऊर्जा के इकोसिस्टम को सुरक्षित बनाती हैं, ग्रीन जॉब्स (हरित रोजगार) पैदा करती हैं, खनिज सुरक्षा और नवाचार को बढ़ाती हैं, और लचीली व सर्कुलर सप्लाई चेन को तैयार करती हैं।

सीईईडब्ल्यू के सीनियर प्रोग्राम लीड नीरज कुलदीप ने कहा, भारत की जी20 प्रेसीडेंसी ने एक सर्कुलर इकॉनॉमी को सतत विकास के लिए एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया था।

एक सर्कुलर सोलर सेक्टर और जिम्मेदारपूर्ण वेस्ट मैनेजमेंट से संसाधनों की दक्षता अधिकतम बनेगी और घरेलू सप्लाई चेन में लचीलापन आएगा। सीईईडब्ल्यू का यह अध्ययन सोलर वेस्ट मैनेजमेंट में मौजूद अवसर का मजबूत साक्ष्य देता है। लेकिन, सोलर रिसाइक्लिंग टेक्नोलॉजी और उद्योग अभी भी शुरुआती चरण में हैं और उन्हें नीतिगत प्रोत्साहन व सहायता देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि भले ही वर्तमान में सोलर मॉड्यूल का निर्धारित जीवन (डिजाइन लाइफ) 25 वर्ष है, लेकिन परिवहन, मॉड्यूल के रखरखाव और परियोजनाओं के संचालन के दौरान नुकसान होने जैसे कारणों से कुछ मॉड्यूल पहले ही खराब हो जाते हैं।

सीईईडब्ल्यू का यह अध्ययन सुझाव देता है कि भारतीय सौर ऊर्जा उद्योग को खराब मॉड्यूल को वापस मंगाने (रिवर्स लॉजिस्टिक्स), भंडारण, विभिन्न हिस्सों को अलग करने के केंद्रों और रिसाइक्लिंग सुविधाओं को स्थापित करके इन नई जिम्मेदारियों के लिए तैयार होना चाहिए। उद्योग को सोलर वेस्ट मैनेजमेंट के लिए इनोवेटिम वित्तपोषण तंत्र और व्यवसायिक मॉडल्स की भी तलाश करनी चाहिए। इसके अलावा, संभावित सोलर वेस्ट उत्पादक केंद्रों की सटीक जानकारी जुटाने और वेस्ट मैनेजमेंट के बुनियादी ढांचे को रणनीतिक रूप से स्थापित करने के लिए स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता (मॉड्यूल की तकनीक, निर्माता और संचालन की तारीख जैसे ब्यौरे के साथ) का एक निश्चित समयावधि में अपडेट किया जाने वाला डेटाबेस भी उपलब्ध होना चाहिए।

# ऊर्जा सुरक्षा के लिए बढ़ते सोलर वेस्ट की रिसाइक्लिंग जरूरी

नयी दिल्ली। नेट-जीरो लक्ष्य को पाने के लिए भारत अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमता बढ़ा रहा है। इससे मौजूदा और नई सौर ऊर्जा क्षमता से निकलने वाला सोलर वेस्ट 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंच सकता है। यह 720 ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल को भरने के बराबर होगा। इसके मद्देनजर सोलर वेस्ट की रिसाइक्लिंग के लिए एक सशक्त व्यवस्था बनाये जाने की महत्ती आवश्यकता है।

काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की ओर से आज जारी एक नए अध्ययन 'इनेबलिंग अ सर्कुलर इकोनॉमी इन इंडियाज सोलर इंडस्ट्री असेसिंग द सोलर वेस्ट क्वांटम' में यह बात कही गयी है।

अध्ययन के अनुसार, इस सोलर वेस्ट का ज्यादातर हिस्सा पांच राज्यों- राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु- से आएगा। भारत की मौजूदा सौर ऊर्जा क्षमता से निकलने वाला सोलर वेस्ट 2030 तक बढ़कर 340 किलोटन हो जाएगा। इसमें लगभग 10 किलोटन सिलिकॉन, 12-18 टन चांदी और 16 टन कैडमियम व टेल्यूरियम शामिल है, जो भारत के लिए महत्वपूर्ण खनिज हैं। बाकी 260 किलोटन सोलर वेस्ट इस दशक में स्थापित होने वाली नई सौर ऊर्जा क्षमता से आएगा। यह भारत के लिए सोलर सेक्टर में सर्कुलर इकोनॉमी के एक अग्रणी केंद्र के रूप में उभरने और सोलर सप्लाई चेन में लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए अच्छा अवसर है।

भारत ने 2030 तक लगभग 292 गीगावॉट सौर क्षमता हासिल करने की योजना बनाई है, इसलिए पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक कारणों से सोलर पीवी वेस्ट का प्रबंधन महत्वपूर्ण हो जाएगा। सीईईडब्ल्यू के इस अध्ययन ने पहली बार विनिर्माण को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों से निकलने वाले सोलर वेस्ट का आकलन किया है, जो आंकड़ों से निर्देशित सोलर वेस्ट प्रबंधन नीतियां बनाने के लिए बहुत जरूरी जानकारी है। भारत पहले से सोलर वेस्ट से निपटने के लिए कई उपायों को लागू कर रहा है। पिछले साल पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) ने सोलर पीवी सेल्स और मॉड्यूल वेस्ट के प्रबंधन के लिए ई-वेस्ट (मैनेजमेंट) रूल्स-2022 जारी किया था। ये नियम सोलर पीवी सेल्स और मॉड्यूल के उत्पादकों पर विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (ईपीआर) ढांचे के तहत उनके सोलर वेस्ट के प्रबंधन की जिम्मेदारी डालते हैं।

## अमेजन वॉटर वीक 24 मार्च तक

बेंगलुरु । ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन डॉटइन ने वाटर वीक की घोषणा की है जो 24 मार्च 2024 तक चलेगा और इस दौरान ग्राहक ऑफर के साथ वॉटर प्यूरीफायर की खरीददारी कर सकते हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ये प्यूरीफायर स्वच्छ और सुरक्षित पानी प्राप्त करने का एक सुविधाजनक समाधान पेश करते हैं। वॉटर वीक के दौरान ग्राहक रिवर्स ऑस्मोसिस और अल्ट्रावॉयलेट वॉटर प्यूरिफायर पर ऑफर पा सकते हैं। इन वॉटर प्यूरीफायर में हॉट वॉटर डिस्पेंसर, स्टेनलेस स्टील टैंक, अंडर काउंटर मॉडल जैसे नए जमाने के कई फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा, वॉटर वीक के दौरान ग्राहक लिवप्योर, एक्वागार्ड, एचयूएल प्योरइट और अर्बन कंपनी जैसे टॉप ब्रांडों के वॉटर प्यूरीफायर पर न्यूनतम 30 प्रतिशत की छूट के साथ-साथ एसबीआई क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन पर 10 प्रतिशत की छूट, 2000 रुपये तक बायबैक लाभ और मुफ्त इंस्टॉलेशन का फायदा उठा सकते हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए आयकर विभाग का नियंत्रण कक्ष

एजेंसी

नयी दिल्ली । चुनाव आयोग को चुनाव में काले धन के उपयोग को रोकने के लिए सहायता करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत आयकर विभाग निवासियों को लोकसभा आम चुनाव, 2024 में स्वच्छ और निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करते हुये राजधानी दिल्ली में सातों दिन और चौबीस घंटे काम करने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है और टॉल फ्री नंबर जारी किया जिसके माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार आयकर निदेशालय , दिल्ली ने आदर्श आचार संहिता के दौरान चुनावी उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाने वाली संभावित / संदिग्ध बेहिसाब नकदी, सर्राफा और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए एनसीटी दिल्ली में कई व्यवस्थाएं की हैं। लोकसभा आम चुनाव, 2024 के संबंध में, अन्य उपायों में, निदेशालय ने सिविक सेन्टर, नई दिल्ली में नियंत्रण कक्ष खोला है एवं एक टोल-फ्री नंबर 1800112300, लैंडलाइन नंबर 011-23232312/ 31/ 67/ 76 और मोबाईल नंबर 9868168682 भी जारी किया है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति एनसीटी दिल्ली में बेहिसाब नकदी, बूलियन और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की संदिग्ध आवाजाही/वितरण के संबंध में आयकर विभाग से बातचीत कर सकता है और जानकारी भी दे सकता है।

निवासी टोल-फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं, और फोन करने वाले को नियंत्रण कक्ष के समक्ष किसी भी व्यक्तिगत विवरण, जैसे नाम या पहचान के अन्य विवरण, का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि प्राप्त जानकारी विश्वसनीय और कार्रवाई योग्य हो।

## 4 जी यूज़रों के मुकाबले 5 जी यूज़रों का औसतन डाटा उपभोग 3.6 गुना अधिक

**नयी दिल्ली।** भारत में अक्टूबर 2022 में लांचिंग के बाद से 5जी यूज़र 4जी यूजरों की तुलना में करीब 3.6 गुना अधिक मोबाइल डाटा ट्रैफिक का उपयोग कर रहे हैं। नोकिया ने अपना वार्षिक भारतीय बाज़ार केंद्रित मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स (एमबीआईटी) के निष्कर्षों को आज जारी किया जिसमें यह दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2023 में यूज़रों ने प्रतिमाह 17.4 एक्साबाइट्स डाटा का उपभोग किया जो पिछले पांच वर्षों में वार्षिक 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 5जी की लांचिंग, डाटा उपयोग की वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक के तौर पर उभरी है जिसका 2023 में कुल डाटा ट्रैफिक में 15 प्रतिशत का योगदान रहा। रिपोर्ट में 5जी टेक्नोलॉजी को तेजी से अपनाए जाने के बल पर भारतीय मोबाइल डाटा परिदृश्य में हुए परिवर्तन को उजागर किया गया है। सभी दूरसंचार सर्किलों में 5जी ट्रैफिक में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई जिसमें मेट्रो सर्किल ने इस वृद्धि का नेतृत्व किया और कुल मोबाइल डाटा ट्रैफिक में इसकी हिस्सेदारी 20 प्रतिशत पहुंच गई। 5जी की वृहद उपलब्धता और निष्पादन के साथ ही व्यापक रेंज में किफायती उपकरणों की उपलब्धता और नए डाटा सघन ऐप एवं सेवाओं के पेश होने से भविष्य में 5जी की वृद्धि और गति पकड़ेगी। वर्ष 2023 में प्रति यूजर औसत मासिक डाटा ट्रैफिक भी साल दर साल 24 प्रतिशत बढ़कर प्रति यूजर प्रति माह 24.1 गीगाबाइट पहुंच गया। 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) भी घर एवं कारोबार दोनों में ही नई सेवाओं के लिए एक प्रमुख कारक के तौर पर काम करेगा जिसमें एफडब्ल्यूए यूज़रों द्वारा औसत 5जी यूज़रों से अनुमानित ढाई गुना अधिक डाटा का उपभोग किए जाने की संभावना है। भारत में 5जी डिवाइस इकोसिस्टम तेज़ी से उभर रहा है जिसमें कुल 79.6 करोड़ सक्रिय 4जी उपभोक्ताओं में से 13.4 करोड़ या करीब 17 प्रतिशत अब 5जी सक्षम हैं।

# भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री कारोबार 21000 करोड़ रुपए के पार, विक्रेता 86 लाख

नयी दिल्ली। भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री (भारत में डायरेक्ट सेलिंग) उद्योग कोरोना महामारी के दौर की चुनौतियों से उबर कर फिर तेजी की राह पर है और इसका कारोबार वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 21282 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इंडियन डायरेक्ट सैलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) की सर्वेक्षण रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

यह रिपोर्ट बाजार अनुसंधान फर्म कंतार द्वारा संकलित की गयी है। आईडीएसए के एक आयोजन में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए इसके लिए आईडीएसए को बधाई दी।

रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की कुल बिक्री में वर्ष 2021-22 के मुकाबले वर्ष 2022-23 में 2252 करोड़ रूपये की वृद्धि दर्ज की गयी है।

आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने बताया कि इस उद्योग के कारोबार में वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक के चार वर्षों के दौरान वर्ष-दर-वर्ष औसतन 8.3 प्रतिशत की संचयी वार्षिक दर (सीएजीआर) से वृद्धि की है। आईडीएसए अध्यक्ष को विश्वास है कि भारत अनुमानों से पूर्व ही प्रत्यक्ष बिक्री में विश्व के पांच शीर्ष बाजारों में जल्द अपनी जगह बना लेगा। वर्ष 2022 में भारत का स्थान 11वां था।

रिपोर्ट के अनुसार कुल बिक्री में उत्तरी क्षेत्र ने सर्वाधिक 30 प्रतिशत का योगदान किया। पूर्वी, पश्चमी, दक्षिणी तथा पूर्वोतर क्षेत्र का योगदान क्रमश- 25, 22, 15 और नौ प्रतिशत है। राज्यों में महाराष्ट्र 12 प्रतिशत योगदान के साथ लगातार शीर्ष पर बना हुआ है जबकि उत्तर प्रदेश शानदार प्रदर्शन कर दस प्रतिशत की भागीदारी के साथ पश्चिम बंगाल के साथ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।

रिपोर्ट के अनुसार प्रत्यक्ष बिक्री बाजार में वेलनेस और न्यूट्रास्युटिकल उत्पाद लगातार उपभोक्ताओं के पसंदीदा बने हुये हैं। सौंदर्य प्रसाधन और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद इस वर्ग में दूसरे स्थान पर है। दोनों वर्गों का कुल कारोबार में क्रमश- 73.5 और 11.3 प्रतिशत योगदान रहा है। इस दौरान लगभग दो लाख और प्रत्यक्ष विक्रेता इस कारोबार से जुड़े और यह संख्या वर्ष 2021-22 के 84 लाख के मुकाबले बढ़ कर लगभग 86 लाख पहुंच गई है। इनमें लगभग 63 प्रतिशत पुरुष और 37 प्रतिशत महिलाएं हैं।

आईडीएसए के अध्यक्ष कटोच ने कहा, भारत में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग तेजी एक मजबूत बाजार के रूप में उभर रहा है जिसमें प्रगति की असीम क्षमताएं निहित हैं। इस उद्योग के लिये बनाये गये केंद्र सरकार के नियामक ढांचे के कारण नीतिगत स्पष्टता और पारदर्शता सुनिश्चत होने से यह उद्योग भविष्य में और मजबूती की ओर अग्रसर है। कटोच ने कहा, मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि मजबूत वृद्धि दर के बलबूते भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग ने वैश्विक रैंकिंग में वर्ष 2022 में एक और पायदान का सुधार कर 11वां स्थान हासिल कर लिया है, जो 2019 में 15वां था।

आईडीएसए के उपाध्यक्ष हरीश पंत के अनुसार रिपोर्ट यह दर्शाती है कि भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग से इस समय लगभग 86 लाख सक्रिय प्रत्यक्ष विक्रेता जुड़े हुये हैं जिनमें वर्ष 2021-22 के मुकाबले दो लाख की वृद्धि हुई है। यह प्रत्यक्ष बिक्री व्यवसाय में लोगों के बढ़ते विश्वास और आत्मविश्वास को परिलक्षित करता है।

इस अवसर पर आईडीएसए से संबद्ध कम्पनियों की प्रत्यक्ष बिक्री क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली लगभग 14 महिला उद्यमियों को भी सम्मानित किया गया।

समारोह में आईडीएसए की कोषाध्यक्ष अपराजिता सरकार, सचिव रजत बनर्जी और सदस्य कम्पनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

# इंडस ऐपस्टोर 10 लाख से अधिक इंस्टाल

बेंगलुरु। भारतीय ऐप प्लेटफॉर्म फोनपे के इंडस ऐपस्टोर एक महीने के भीतर 10 लाख से अधिक इंस्टॉल किये गये हैं।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इंडस ऐपस्टोर को तेजी से अपनाना उन विकल्पों के लिए बाजार की तैयारी को इंगित करता है जो भारतीय डेवलपरों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं और भारतीय दर्शकों की भाषाई और सांस्कृतिक प्राथमिकताओं को पूरा करते हैं।

इंडस ऐपस्टोर में विभिन्न श्रेणियों के ऐप की एक विस्तृत श्रृंखला है, लेकिन सबसे अधिक डाउनलोड की जाने वाली और लोकप्रिय श्रेणियों में फाइनेंस, गेम, सोशल, एंटरटेनमेंट, टूल्स, कम्युनिकेशन और शॉपिंग शामिल हैं। इसके 45 प्रतिशत यूजर टियर 2 शहरों से हैं, जो बड़े महानगरों के बाहर ऐप के प्रति व्यापक आकर्षण को दर्शाता है। इंडस ऐपस्टोर की हिंदी, मराठी, बंगाली, गुजराती, तेलुगु और अन्य भाषाओं में उपलब्धता ने जबरदस्त जुड़ाव पैदा किया है, स्वदेशी




भाषा में ऐप अनुभवों की मांग को पूरा किया और समावेशिता की भावना को बढ़ावा दिया है।

भारतीय और वैश्विक दोनों प्रमुख डेवलपरों, डेवलपर की सफलता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पहचानते हुए, तेजी से इंडस ऐपस्टोर पर अपने ऐप सूचीबद्ध कर रहे हैं। इंडस ऐपस्टोर को सकारात्मक यूजर प्रतिक्रिया मिली है और यह निरंतर सुधार के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए सक्रिय रूप से यूजर प्रतिक्रिया और सुझावों का स्वागत कर रहा है।

इंडस ऐपस्टोर के सह-संस्थापक और सीपीओ आकाश डोंगरे ने कहा, यह उल्लेखनीय उपलब्धि हमारी टीम की अटूट प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत का परिणाम है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपने ऐपस्टोर अनुभव में नवाचार और सुधार जारी रखेंगे कि हम डेवलपरों और यूजर दोनों के लिए बेहतर उत्पाद अनुभव प्रदान करने में सबसे आगे रहें। यह तो बस शुरुआत है और हम ऐप खोज के भविष्य को लेकर उत्साहित हैं।

इंडस ऐपस्टोर में हर 10 दिनों में नए अपडेट की योजना बनाई गई है। वीडियो-आधारित ऐप डिस्कवरी और वॉयस सर्च जैसी सुविधाएं देने में प्रयास किया जा रहा हैं जो यूजर यात्रा को सुव्यवस्थित करने में मदद करेंगी, जबकि उन्नत डेवलपर टूल जैसे समृद्ध व्यापारिक टूल्स और वीडियो-आधारित ऐप प्रचार अवसर, एक संपन्न निर्माता अर्थव्यवस्था को चलाएंगे।

# तेरह समूहों में हुई लिवाली , गिरावट से उबरा शेयर बाजार

मुंबई। विदेशी बाजारों के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष कर संग्रह में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से उत्साहित निवेशकों की ऊर्जा, दूरसंचार, तेल एवं गैस और पावर समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली से पिछले दिवस के भूचाल से उबरकर आज शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 89.64 अंक चढ़कर 72,101.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 21.65 अंक बढ़कर 21,839.10 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.05 प्रतिशत उठकर 37,762.13 पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.14 प्रतिशत गिरकर 41,487.14 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3903 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1609 में लिवाली जबकि 2180 में बिकवाली हुई वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 27 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 23 में गिरावट रही।



विश्लेषकों के अनुसार, अनुकूल वैश्विक धारणा और ठोस प्रत्यक्ष कर संग्रह से उत्साहित होकर भारतीय बाजारों में तेजी आई और मामूली बढ़त के साथ बंद हुई। साथ ही मजबूत एफआईआई और डीआईआई निवेश प्रवाह ने बाजार को बनाए रखा। इस वर्ष 17 मार्च तक देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़कर 18.9 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

बाजार की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, जून में ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम हो गई है। लचीली अर्थव्यवस्था के कारण अमेरिकी फेड द्वारा वर्ष के उत्तरार्ध में दर में कटौती शुरू करने में देर करने की संभावना है। इसके साथ ही अल्पावधि में प्रीमियम मूल्यांकन के कारण घरेलू स्तर पर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों के लार्जकैप से पिछड़ने की संभावना है।

इससे बीएसई के 13 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान सीडी 0.30, ऊर्जा 1.09, एचएमसीजी 0.47, दूरसंचार 0.61, यूटिलिटीज 0.45, ऑटो 0.47, तेल एवं गैस 1.07, पावर 0.92, रियल्टी 0.52 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.10 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.06, जापान का निक्केई 0.66, हांगकांग का हैंगसेंग 0.08 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.55 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.24 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 25 अंक बढ़त लेकर 72,036.86 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 71,674.42 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 72,402.67 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 72,012.05 अंक की तुलना में 0.12 प्रतिशत मजबूत होकर 72,101.69 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी भी 26 अंक उठकर 21,843.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,710.20 अंक के निचले जबकि 21,930.90 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,817.45 अंक के मुकाबले 0.10 प्रतिशत बढ़कर 21,839.10 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में मारुति 2.97, पावरग्रिड 2.16, नेस्ले इंडिया 2.09, एसबीआई 1.83, रिलायंस 1.27, टेक महिंद्रा 0.89, एलटी 0.36, एशियन पेंट 0.28, भारती एयरटेल 0.20, एनटीपीसी 0.14, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.09 और आईसीआईसीआई बैंक 0.07 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, टाटा स्टील 1.98, टाटा मोटर्स 1.76, एक्सिस बैंक 1.53, एचडीएफसी बैंक 1.23, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.21, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.85, एचसीएल टेक 0.77, इंफोसिस 0.44, विप्रो 0.24 और टीसीएस के शेयर 0.18 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

# शार्ट न्यूज

## स्वयं और आईसीएमआर का प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए सहयोग

नयी दिल्ली। सुगम्यता संगठन स्वयं लगातार दूसरे वर्ष 27 मार्च को विश्व सुगम्यता दिवस को चिह्नित करने और मनाने के लिए तैयार है। इस वर्ष स्वयं भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के साथ साझेदारी करते हुए कार्यशालाओं और संवेदीकरण प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन कर रहा है। संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि एम्स, सफदरजंग वीएमसीसी और लेडी हार्डिंग जैसे दिल्ली के मेडिकल कॉलेजों में सभी को प्रभावित करने वाले कार्यशालाओं के माध्यम से, 600 से अधिक छात्रों, नर्सों और चिकित्सा चिकित्सकों को सहायक उपकरणों का उपयोग करने और कम गतिशीलता वाले व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षित करेंगे। स्वयं और आईसीएमआर मिलकर उन व्यापक चुनौतियों का समाधान करने की कोशिश करेंगे जो सुगम्यता की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में बाधा डालती हैं। इसके अतिरिक्त, दोनों संयुक्त रूप से सुगम्यता और सहायक उपकरणों पर चर्चा करने के लिए एक मंथन सत्र का आयोजन कर रहे हैं, जो विकासशील भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। स्वयं सुगम्यता पर जागरूकता अभियान चलाने के लिए रेड क्रॉस (आईसीआरसी) की अंतर्राष्ट्रीय समिति के साथ सहयोग करने के लिए भी तैयार है।

## दिल्ली में निशुल्क डेंटल कैंप

नयी दिल्ली। देश में ओरल हेल्थ के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से 80 शहरों में निशुल्क डेंटल कैंप के साथ भारतीयों को बेहतर ओरल स्वास्थ्य की ओर 'पहला कदम उठाने' के लिए प्रोत्साहित जा रहा है। हालिओन के ओरल केयर ब्रांड सेंसोडाइन देश में 31 मार्च, 2024 के बीच निशुल्क डेंटल शिविर लगा रहा है। ये कैंप हर साल 20 मार्च को मनाए जाने वाले वर्ल्ड ओरल हैल्थ डे के अवसर पर लगाए जा रहे हैं। इन कैंपो द्वारा भारतीयों को ओरल केयर का महत्व समझाना और उन्हें निशुल्क डेंटल केयर प्रदान करना है। कंपनी ने यहां बताया कि इसी के तहत आज से राजधानी दिल्ली में भी इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। दिल्ली के डेंटल कैंप में ओरल हेल्थ की विभिन्न समस्याओं, जैसे सेंसिटिविटी, मसूढ़ों की समस्याओं, कैविटी, और दाँत की ऊपरी परत के घिसने का समाधान प्रदान किया जायेगा। इन कैंपो में लोगों को ओरल केयर की दिनचर्या में सरल उपाय शामिल करने की शिक्षा दी जायेगी ताकि वे अपनी ओरल हाईज़ीन बनाकर रख सकें। हालिओन इंडिया के ओरल हेल्थकेयर के कैटगरी प्रमुख भावना सिक्का ने कहा, सेंसोडाइन का ये विश्वास है कि शरीर की पूरी सेहत में ओरल हेल्थ का महत्वपूर्ण स्थान है। इसी कारण हम ओरल हेल्थ के बारे में शिक्षा बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि डेंटल चेकअप का लाभ हर व्यक्ति को मिल सके।

## टीके एलिवेटर इनोवेशन और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध

नयी दिल्ली। जर्मन बहुराष्ट्रीय एलिवेटर कंपनी टेक एलिवेटर भारत में मोबिलिटी बाजार की डायनामिक्स को पहचानकर इस उद्योग में लगातार इनोवेशन और वृद्धि लेकर आ रही है। कंपनी ने आज यहां कहा कि कमर्शियल, रिटेल, सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, हैल्थकेयर, हॉस्पिटलिटी, एवं शैक्षणिक क्षेत्रों से आ रही मांग से कंपनी की वृद्धि तीव्र गति से जारी है। भारत की तेजी से विकसित होती हुई अर्थव्यवस्था में विलासितापूर्ण आवासीय घरों और विला की मांग बढ़ रही है, जिससे टीके एलिवेटर को इस बाजार में विकास करने के और ज्यादा अवसर मिल रहे हैं। भारत के विकसित होते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था को सेवाएं देने की प्रतिबद्धता के साथ 2017 में पुणे के चाकन में कंपनी की अत्याधुनिक आर एंड डी एवं मैनुफैक्चरिंग सुविधा का उद्घाटन किया गया था। भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' अभियान के साथ कंपनी के कई इनोवेटिव एवं टेक-आधारित उत्पादों का निर्माण स्थानीय स्तर पर स्वदेशी रूप से किया जाता है, ताकि वो स्थानीय ग्राहकों की जरूरतों के अनुकूल होकर उन्हें बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें। कंपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में विभिन्न सेक्टरों में मौजूद है।

## एवरेडी ने नीरज चोपड़ा को बनाया ब्रांड अम्बेसडर

नयी दिल्ली। देश के अग्रणी बैटरी ब्राण्ड एवरेडी इंडस्ट्री इंडिया लिमिटेड ने ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता एथलीट नीरज चोपड़ा को अपना नया ब्रांड अम्बेसडर नियुक्त किया है। इस नये समझौते को लेकर एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं एसबीयू हेड बैटरीज एवं फ्लैशलाइट अनिरबन बनर्जी ने कहा,'' नीरज चोपडा की उत्कृष्ट यात्रा, आधुनिक बैटरी एवं लाइटिंग समाधानों के साथ लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और ब्राण्ड के विकास एवं विस्तार के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। एक साथ मिलकर हम वर्तमान एवं भविष्य को नयी ऊर्जा देना चाहते हैं, साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिये बेहतर कल का निर्माण करना चाहते हैं। '' नीरज चोपड़ा ने कहा , '' एवरेडी के साथ साझेदारी करते हुये हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, यह एक ऐसा ब्राण्ड है जो दशकों से भारतीय परिवारों का अभिन्न हिस्सा बना हुआ है। इसे नवाचार, भरोसे और गुणवत्ता के लिये प्रतिबद्धता के लिये जाना जाता है। ऐसे ब्राण्ड के साथ जुड़ना मेरे लिये बेहद गर्व की बात है जो मेरे मूल्यों- परफोर्मेन्स, स्थायित्व एवं भरोसे को साझा करता है।

## एन्वी ने वरुण धवन को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

नयी दिल्ली। फ्रैगरेंस ब्रांड एन्वी ने बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन को अपना ब्रांड ऐम्बेसडर बनाया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि उनके व्यक्तित्व में ब्रांड के 'लेट देम एन्वी' नजरिये की झलक मिलती है। इसलिये ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। एन्वी अपने डिओडरेंट्स और विशिष्ट फ्रेंच फ्रैगरेंस वाले परफ्यूम्स के लिए मशहूर है। अब इसने ग्राहकों के बीच अपनी लोकप्रियता बढ़ाने और फ्रेगरेंस ब्रांड में युवाओं की पहली पसंद बनने की योजना बनाई है। उसने कहा कि वरुण धवन को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाना इसकी इसी दूरगामी योजना का हिस्सा है। एन्वी अपने इस रणनीतिक कदम के माध्यम से ब्रांड के के प्रमोशन में में और तेजी लाना चाहता है। इस संधि के तहत, वरुण धवन ब्रांड के आगामी मल्टी-चैनल विज्ञापनों और मार्केटिंग संबंधी पहलों में दिखाई देंगे। इन विज्ञापनों को टेलीविज़न और सोशल मीडिया पर भी दिखाया जाएगा।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in